मई, 2009
MAY, 2009

# एसोशिएटशिप परीक्षा

# AC-21

## सूचना तकनीक

## ASSOCIATESHIP EXAMINATION
## INFORMATION TECHNOLOGY

समय : 3 घंटे ] [कुल अंक : 100
Time: 3 Hours] [Total Marks : 100

**किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के हैं।**

Answer **EIGHT** questions only. Question **ONE** carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

---

Marks

1. प्रणाली जीवन चक्र में समाहित विभिन्न स्थितियों का संक्षिप्त वर्णन कीजीए। 16

1. Describe in short various stages involved in a systems life cycle. 16

2. i) ट्रांन्सलेटर्स क्या है? (प्रत्येक के 4 अंक)
   ii) विन्डोज़ आपरेटिंग सिस्टम का संक्षेप में वर्णन कीजीए।
   iii) कम्प्यूटर्स में गड़बड़ी के कारणों को उल्लेखित कीजीए।

2. i) What are translators? 4 each
   ii) Write briefly about Windows Operating System.
   iii) Narrate the common reasons for the failure of the computors.

3. अ) विवेचना कीजीए : 6
   i) सर्किट स्विचिंग
   ii) संदेश स्विचिंग
   iii) पैकेट स्विचिंग
   ब) LAN तथा WAN मध्य संक्षिप्त में तुलना कीजीए। 6

3. a) Explain 6
   i) Circuit switching
   ii) Message switching
   iii) Packet switching
   b) Make a brief comparison between LAN and WAN. 6

4. अनेक व्यक्तियों द्वारा प्रचालित किए जाने वाले आपरेटिंग सिस्टम की विशेषताओं का वर्णन कीजीए। 12

4. Explain the capabilities of a multiuser system. 12

5. अ) निम्न को पहचानिएँ : 6

   i) कम्प्यूटर को आरंम्भ करने के लिए आवश्यक निर्देश, मूल निर्देश, एस्की अक्षर पैटर्न तथा स्थायी सूचना इस मैमोरी में संग्रहित होती है, विनिर्माण के समय रोम चिप पर सूचना अंकित कर दी जाती है।

   ii) इसके द्वारा बैंक विशेष तथा क्लीयरिंग हाऊस दोनों में पूर्व निर्धारित तरीके से चैकों की छटनी होती है जिससे चैकों का शीघ्रता तथा अधिक सटिक ढ़ंग से क्लीयरेंस हो पाता है।

   iii) इस प्रिन्टर में, प्रिन्टर के हेड़ में पिन कालम लगे होते है जो रिबन पर दबाव ड़ालते है, जब अक्षर को प्रिन्ट करना होता है।

   iv) टेलीफोन/केबल द्वारा एक कम्प्यूटर से दूसरे कम्प्यूटर को संदेश अथवा फाईल भेजने और प्राप्त करने की तकनीकी विधि।

   v) प्रोग्रामों का एक सेट जो कम्प्यूटर के प्रचालनों को नियंत्रित करता है, यह केवल साफ्टवेयर को नहीं अपितु हार्ड़वेयर को भी नियंत्रित करता है।

   vi) वह विवरण, जिसे सार्थक परिणाम के लिए परिवर्तित किया जाता है।

   ब) विस्तृत रूप लिखिए :- (प्रत्येक का ½ अंक)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| DOS, | RAM, | COBOL, | C-DAC, | OS, | LAN, |
| CD, | BCD, | LISP, | SQL, | IMS, | FORTRAN |

5. a) Identify the following :- 6

   i) Instructions, ASCII character patterns and other information of permanent nature are built in this chip at the time of manufacture.

   ii) This enables sorting of cheques in a predetermined manner at the individual bank and clearing houses for faster and accurate clearance of cheques.

   iii) In this printer, the Printer head consists of a column of pins which strike the ribbon when the character has to be printed.

   iv) Electronically sending and receiving messages and files from one computer to another through telephones/cable.

v) Set of programs that controls the operations of the computer. Not only it controls the software but also the hardware devices.

vi) When Data is converted into meaningful results.

b) Expand the following :- ½ each

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| DOS, | RAM, | COBOL, | C-DAC, | OS, | LAN, |
| CD, | BCD, | LISP, | SQL, | IMS, | FORTRAN |

6. संक्षिप्त टिप्पणी दीजीए :- (प्रत्येक के 4 अंक)

क) गैर-इम्पैक्ट प्रिन्टर्स

ख) डी. एफ. डी.

ग) मेन फ्रेम कम्प्यूटर्स.

6. Write short notes on :- 4 each

a) Non-impact printers

b) Date flow Diagram

c) Mainframe Computers.

7. क) दो बायनरी संख्याए नीचे दर्शाये गई है: (प्रत्येक के 3 अंक)

10101 एवम् 11111

ज्ञात कीजीए :-

i) दशमलव समतुल्य

ii) आक्टल समतुल्य

ख) दशमलव संख्याओं 421 एवम् 313 का (प्रत्येक के 3 अंक)

i) बायनरी समतुल्य

ii) हेक्सा दशमलव समतुल्य

7. a) Two Binary numbers are given below : 3 each

10101 and 11111

Find out :-

i) their Decimal equivalents and

ii) their Octal equivalents

b) In respect of the Decimal numbers, 421 and 313 3 each

i) Find the Binary equivalents and

ii) Find the Hexadecimal equivalents.

8. बीमा संगठनों में एप्लिकेशन साफ्टवेअर, वर्ड, स्प्रेड शीट, डी. टी. पी. किस प्रकार से प्रयोग में लाया जाता है? वर्णन कीजीए। 12

8. In what ways Application softwares, like Word, Spreadsheet, DTP are useful in an Insurance organisation. 12

9. एक चयन प्रक्रिया में प्रत्येक उम्मीदवार को अंग्रेजी में न्यूनतम 50 अंक, गणित में 50 अंक व कम्पूटर में न्यूनतम 35 अंक प्राप्त करने है तथा प्राप्तांक का योग भी 150 अंक होना चाहिए। 12
इस चयनित प्रक्रिया हेतु एक फ्लो-चार्ट तैयार करे जिसमें चुने जाने वाले उम्मीदवार का अनुक्रमांक, नाम तथा प्राप्तांक शामिल हो।

9. In a selection process, a candidate has to secure a minimum of 50 marks in English, 50 marks in Mathematics and 35 marks in Computers. In the aggregate he/she should score atleast 150 marks to get selected. 12
Draw a program Flow Chart of Selected candidates with provision for Roll No., Name and marks scored.

10. क) 'फाईल' क्या है? डाटा प्रदर्शन में सामान्यतया प्रयुक्त कुछ अभिव्यक्तियों को परिभाषित करें। 4
ख) बीमा संस्थानों की कुछ फील्ड की व्याख्या कीजीए। 3
ग) निम्नलिखित यूनिक्स कमाण्ड क्या दर्शाते है? (प्रत्येक का ½ अंक)
who, cd, ls, rmdir, cal, lp, rm, mv,
pwd, cp.

10. a) What is a file? Identify the commonly used terms in Data representation. 4
b) Mention few fields in a Deferred Annuity Policy Record of an Insurance Organisation 3
c) For what purpose the below mentioned Unix commands are used ? ½ each
who, cd, ls, rmdir, cal, lp, rm, mv,
pwd, cp.

----- समाप्त -----

------ END ------

मई, 2009
MAY, 2009

**AL-22**

# एसोशिएटशिप परीक्षा
# जीवन बीमा बीमांकन
# ASSOCIATESHIP EXAMINATION
# LIFE ASSURANCE UNDERWRITING

समय : 3 घंटे ] [कुल अंक : 100
Time: 3 Hours] [Total Marks : 100

**किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के हैं।**

Answer EIGHT questions only. Question ONE carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

---

Marks

1. संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए :- (प्रत्येक के 4 अंक)
   अ) चयनित जीवन
   ब) की-मैन बीमा का उद्देश्य
   स) अतिरिक्त मृत्यु दर
   द) साझेदारी बीमा में बीमाहित का प्रयोजन

1. Write short notes on :- 4 each
   a) Selection of Lives
   b) Object of Key Man Insurance
   c) Extra Mortality Rate
   d) Concept of Insurable Interest in Partnership Insurance.

2. क) की-मैन बीमा हेतु क्या वित्तिय आवश्यकताएँ हैं ? स्पष्ट कीजिए। (प्रत्येक के 6 अंक)
   ख) की-मैन बीमा व्यापार के फायदे के लिए होता है, कर्मचारी के नहीं, अपने विचार प्रकट करें ?

2. a) What are the financial requirements to be submitted under key man Insurance? 6 each
   b) Key Man Insurance is effected only for the benefit of the business and not the employee. Give your comments.

3. क) उच्च रक्त चाप के मामलों का वर्गीकरण कीजीए ? (प्रत्येक के 6 अंक)
   ख) हटायी जाने वाली अतिरिक्त प्रीमियम किश्तों के तीन उदाहरण दीजिए ?

3. a) Enumerate the broad groups of cases of Hypertension-Raised B.P. 6 each
   b) Give three illustrations of Removable Extras.

(प्रत्येक के 3 अंक)

4. निम्नलिखित स्वास्थ्य संबन्धित विकारों का परिचय देते हुए उनका बीमांककीय महत्त्व बताईए ?
   क) गर्भाशयोच्छेदन
   ख) धवलरोग
   ग) विसर्पिका
   घ) फुफ्फुसावरण शोथ

4. Explain the following medical terms giving their underwriting significance 3 each
   a) Hysterectomy
   b) Leucoderma
   c) Herpes Zoster
   d) Pleurisy

5. अ) मूल्यांकन करते समय प्रार्थी के शारीरिक गठन के किन संकेतो को गाह्य किया जाता है ? बीमांकन करते समय उनका महत्त्व स्पष्ट कीजीए ? 6
   ब) निम्नलिखित विशेष परीक्षाओंका बीमांकन मूल्य स्पष्ट कीजीए । (प्रत्येक के 3 अंक)
      i) इ. एस. आर.
      ii) वासरमैन की प्रतिक्रिया

5. a) Which indices are taken into account while rating the build of an applicant? Explain their significance in underwriting? 6
   b) State the underwriting significance of the following special Tests :- 3 each
      i) E.S.R.
      ii) Wasserman reaction

6. अ) जीवन बीमा में 'योजना' का भी बीमांकन महत्त्व है ? स्पष्ट कीजीए? (प्रत्येक के 6 अंक)
   ब) छः ऐसी अक्षमताओं के विषय में बताइए जिनका सह-अस्तित्व प्राय: प्रतिकूल होता है ?

6. a) Plan of Life Assurance is also an important underwriting factor. Elaborate. 6 each

   b) Mention six cases where co-existence of certain impairments is often unfavourable.

7. अ) विभिन्न प्रकार की स्त्रावी ग्रन्थिया क्या है ? उनके कार्यो का विवरण दीजीए . 6

   ब) एक बीमांकक द्वारा उन प्रस्तावों पर जिनमें निम्न विकृतियाँ मौजूद है, किस तरह का निर्णय लिया जाता है, समझाइए . (प्रत्येक के 2 अंक)

   i) अर्बुद

   ii) कीलोयाड़

   iii) साधारण गलगण्ड

7. a) What are the various Endocrine Glands? Write their functions. 6

   b) How proposal disclosing the following impairments will be dealt with by an underwriter? 2 each

   a) Tumours

   b) Keloid

   c) Simple colloid Goitre

8. क) मर्त्यता तालिकाओं के छः स्तम्भों को दर्शाइए ? (प्रत्येक के 6 अंक)

   ख) विस्तृत रूप लिखिए :-

   i) ASA

   ii) TASA

   iii) SUC

   iv) PGBS

   v) ESR

   vi) ECG

8. a) Write the six columns of the mortality table. 6 each

   b) Expand the following abbreviations :-

   i) ASA

   ii) TASA

   iii) SUC

   iv) PGBS

   v) ESR

   vi) ECG

9. बीमा हेतु प्रस्तुत एक प्रस्ताव तथा चिकित्सिय परीक्षण निम्न जानकारी देता है :- 12

| | | | |
|---|---|---|---|
| क) | पुरूष जीवन | : | आयु 34 वर्ष |
| ख) | व्यव्साय | : | उच्चविद्यालय में प्रवक्ता |
| ग) | योजना एवम् अवधि | : | 25 वर्षों हेतु बन्दोबस्ती बीमा |
| घ) | प्रस्तावित बीमा राशी | : | रू. 4 लाख |
| च) | वार्षिक आय | : | रू. 4 लाख |
| छ) | पूर्व बीमा | : | एक वर्ष पूर्व रू. 50,000 बीमा राशी हेतु बन्दोबस्ती बीमा जिसकी अवधि 25 वर्ष है |
| ज) | पारिवारिक इतिहास | : | पिता का देहान्त 53 वर्ष की आयु में ह्दयघात से हुआ । माता आयु 63 वर्ष जीवीत । |
| झ) | व्यक्तिगत दशा | : | i) 38% अतिरिक्त वजन ई. एम्. आर. + 30<br>ii) रक्त चाप 136/90 ई. एम्. आर. + 20<br>iii) चश्मा लगाता है, चश्मे की प्रत्येक आंख हेतु शक्ति (-8) |
| त) | व्यक्तिगत इतिहास | : | नेत्रश्लेषमाशोध एक माह पूर्व हुआ था, अब पूर्णतया स्वस्थ है । |

प्रस्ताव के बीमांकन हेतु अतिरिक्त जानकारियाँ और आवश्यकताएँ बताएँ और यदि सभी कुछ व्यवस्थित तथा सामान्य हो तो अपना निर्णय दीजिए ।

9. The following information is available from the proposal and the medical report submitted for Life Insurance. 12

| | | | |
|---|---|---|---|
| a) | Male Life | : | Age 34 years |
| b) | Occupation | : | Lecturer in college. |
| c) | Plan and Term | : | Endowment Assurance with term 25 years. |
| d) | Sum Proposed | : | Rs. 4 lacs. |
| e) | Annual Income | : | Rs. 4 Lacs. |
| f) | Previous Insurance | : | Rs. 50,000 under Endowment Assurance with term 25 years one year back. |
| g) | Family History | : | Father died of coronary attack at age 53 years. Mother living at age 63 years. |
| h) | Personal Condition | : | i) Overweight 38% E.M.R. + 30<br>ii) B.P. 136/90 E.M.R. + 20<br>iii) Wears glasses, power of glasses in each eye - minus 8. |
| i) | Personal History | : | Conjunctivitis one month back, cured. |

Mention what additional information and requirements are necessary to consider the proposal and give your underwriting decision, if requirements are in order and found normal.

10. संक्षिप्त टिप्पणियां दीजिए :- (प्रत्येक के 4 अंक)
    क) कम्पनशील पक्षाघात
    ख) अपच एवम् मन्दाग्नि
    ग) निम्न रक्त चाप

10. Write short notes on :- 4 each
    a) Parkinson's Disease
    b) Indigestion, Dysepsia
    c) Hypotension - Low Blood Pressure.

----- समाप्त -----

------ END ------

**AL-23**

मई, 2009
MAY, 2009

# एसोशिएटशिप परीक्षा
## जीवन बीमा के प्रयोग
# ASSOCIATESHIP EXAMINATION
## APPLICATION OF LIFE ASSURANCE

समय : 3 घंटे ] [कुल अंक : 100
Time: 3 Hours] [Total Marks : 100

**किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के हैं।**

Answer **EIGHT** questions only. Question **ONE** carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

---

Marks

1. किन्हीं चार पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए :- (प्रत्येक के 4 अंक)
   क) नामांकन
   ख) अनुभव दर
   ग) समाधान अवधि का विचार
   घ) बैंक एश्योरेंस
   ङ) वेतन बचत योजना

1. Write short notes on **any four**:- 4 each
   a) Nomination
   b) Experience Rating
   c) Cooling of period concept
   d) Banc-assurance
   e) Salary saving scheme

2. i) एक वर्षीय नवीनीकृत समूह अवधि बीमा क्या है ? (प्रत्येक के 4 अंक)
   ii) एक स्तरीय प्रीमियम अवधि बीमा क्या है ?
   iii) नगद जमाराशि योजना क्या है ?

2. i) What is one year renewable group Term Assurance? 4 each
   ii) What is Level Premium Term Assurance?
   iii) What is Cash Accumulation Scheme?

3. क) निम्न पर संक्षेप में टिप्पणी लिखिए : (प्रत्येक के 6 अंक)
पूंजी तरलता आवश्यकता विश्लेषण
ख) जोखिम का विचार क्या है ? बीमा में जोखिम प्रबंधन कैसे किया जाता है ?

3. a) Write short notes on Capital Liquidity Need Analysis (CLNA). 6 each
b) What is concept of risk? How risk management is done in insurance?

4. क) भारतीय साझेदारी अधिनियम 1932 के प्रमुख प्रावधानों को समझाइए । 4
ख) किसी एक साझेदार की मृत्यु होने पर समापन को न होने देने के तीन विकल्पों को संक्षेप में समझाइए और किस प्रकार जीवन बीमा (संयुक्त जीवन) साझेदारी फर्म की सहायता कर सकता है ? 8

4. a) Explain the main provisions of Indian partnership Act 1932. 4
b) Briefly explain three alternatives available to avoid dissolution in the event of death of any of the partners and how life insurance (joint life) can help the partnership firm. 8

5. क) जीवन बीमा की परिभाषा लिखिए । (प्रत्येक के 4 अंक)
ख) जीवन बीमा की मूलभूत योजनाएं क्या हैं ?
ग) बीमा योजना का विकास करते समय बीमांकक द्वारा किन मूलभूत तथ्यों पर ध्यान दिया जाता है ?

5. a) Define Life Insurance 4 each
b) What are the basic plans of Life Insurance?
c) What are the basic inputs taken into account by the actuary while developing insurance product (Plan)?

6. क) ग्राहक संरक्षण अधिनियम 1986 के अनुसार 'ग्राहक' कौन होता है ? 4
ख) ग्राहक विवाद समाधान प्रतिनिधियों के विषय में लिखिए और उसमें अपनायी गयी प्रक्रिया को भी बताइए । 6
ग) उन शिकायतों के विषय में लिखिए जो बीमा प्रमुख शिकायत अधिकार (आम्बड्समैन) से की जा सकती हैं । 2

6. a) Who is the 'consumer' in terms of Consumer Protection Act 1986? 4
b) State consumer dispute redressal agencies and procedure adopted. 6

c) Enumerate the complaints which can be addressed to the Insurance Ombudsman. 2

(प्रत्येक के 6 अंक)

7. क) बढ़ती आयु की आर्थिक समस्याओं को बताइए और संक्षेप में उन पर विचार कीजिए ।
   ख) वार्षिकी की मूलभूत योजनाएँ क्या है और वार्षिकी ग्राहकों के लिए वार्षिकी के चयन करने के क्या विभिन्न विकल्प हैं ?

7. a) State and discuss in brief economical problems of ageing. 6 each
   b) Which are basic plans of annuity and what are different options available to annuitant for choosing annuity?

8. क) एक साधारण संविदा के 5 आवश्यक तत्वों को लिखिए और समझाइए । (प्रत्येक के 6 अंक)
   ख) जीवन बीमा संविदा के भिन्न-भिन्न लक्षणों को संक्षेप में लिखिए और समझाइए ।

8. a) State and explain 5 essential elements of an ordinary contract? 6 each
   b) Briefly state and explain the distinguishing characteristics of life insurance contract.

9. 'डाक जीवन बीमा, जीवन बीमा बाजार में एक प्रतियोगी कार्यकर्ता है ' इस कथन को इसके लक्षण, विभिन्न प्रस्तुत योजनाएं, योजनाओं के अंतर्गत फायदे और इसकी प्रतियोगी क्षमता को बताते हुए समझाइए । 12

9. 'Postal Life Insurance (PLI) is one of the competitive players in life insurance market' explain this statement stating it's characteristics, different plans offered, benefits under the plans and it's competitiveness. 12

10. इनका अंतर बताइए :- (प्रत्येक के 6 अंक)
   क) निजी तौर पर प्रबंधित पेंशन योजना और बीमागत पेंशन योजना ।
   ख) सम्पूर्ण अभ्यर्पण और सशर्त अभ्यर्पण ।

10. Distinguish between :- 6 each
   a) Privately administered pension scheme and insured pension scheme.
   b) Absolute assignment and conditional assignment.

----- समाप्त -----

------ END ------

मई, 2009
MAY, 2009

**AL-24**

# एसोशिएटशिप परीक्षा
# जीवन बीमा का वैधानिक पक्ष
# ASSOCIATESHIP EXAMINATION
# LEGAL ASPECTS OF LIFE ASSURANCE

समय : 3 घंटे ] [कुल अंक : 100
Time: 3 Hours] [Total Marks : 100

किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के है।

Answer **EIGHT** questions only. Question **ONE** carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

---

Marks

1. निम्नलिखित में से किन्हीं चार पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए :- (प्रत्येक के 4 अंक)
   क) प्रासंगिक संविदा
   ख) एक समान नागरिक कूट
   ग) अंतर विवादी मुकदमा
   घ) न्यायायिक पूर्वदृष्टांत
   ङ) कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम 1923

1. Write short notes on **any four** of the following:- 4 each
   a) Contingent Contract.
   b) A uniform civil code.
   c) Interpleader Suit
   d) Judicial Precedents
   e) Workmen's Compensation Act, 1923

2. क) 'बीमा अधिनियम 1938 की धारा 38 में अंतरण या अभ्यर्पण का पूर्ण विधान दिया गया है।' इस कथन को अधिनियम के अंतर्गत दिए गए प्रावधानों के संदर्भ में समझाइए। 6
   ख) i) जीवन बीमा पॉलिसी के अंतर्गत नामांकन कैसे किया जा सकता है ? 6
   ii) इसको कैसे बदला जा सकता है ?
   iii) क्या किसी अवयस्क के पक्ष में नामांकन किया जा सकता है, यदि हाँ तो कैसे ?
   iv) बीमा पॉलिसी के अंतर्गत नामांकिती के अधिकारों को बताइए जिसमें सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्णीत मुकदमों का उदाहरण भी दीजिए।

2. a) 'Section 38 of Insurance Act, 1938 provides complete code of transfer or assignment.' Explain this statement with reference to provisions made under the 'Act.' 6

b) i) How nomination under life insurance policy can be effected? 6

ii) How can it be changed?

iii) Whether nomination in favour of minor is allowed, if so how?

iv) Explain the rights of nominee under life insurance policy quoting supreme court case decided on this issue.

3. क) इनमें अंतर बताइए :- 3

अभिवेदन और आश्वस्ति

ख) शब्द 'आश्वस्ति' जिसका प्रयोग बीमा संविदा में किया जाता है, का कड़ाई से पालन करने में सम्पूर्ण संविदा ही आश्वस्ति भंग करने के लिए समाप्त की जा सकती है जिसमें इस विवरण की तथ्यात्मकता पर ध्यान ही न दिया जाये। जीवन बीमा संविदाओं में यह बात कहां तक सत्य है, बीमा अधिनियम 1938 की धारा 45 के अंतर्गत प्रावधानों का विशेष संदर्भ देते हुए लिखिए। 6

ग) एक व्यापारी श्री 'एम' ने 24-9-2002 को एक जीवन बीमा पॉलिसी ली। उसकी मृत्यु 25-6-2004 को हृदयाघात से हो गयी। बीमाकर्ता को मृत्यु की सूचना 5-8-2004 को दी गयी। बीमाकर्ता ने दावा निरस्त करने का निर्णय 24-10-2004 को लिया। न्यायालय द्वारा निर्णीत मुकदमे के आधार पर बताइए कि क्या बीमा अधिनियम 1938 की धारा 45 यहाँ पर लागू होगी? 3

3. a) Distinguish between Representation and warranty. 3

b) By applying stricter meaning to the word 'warranty' used in insurance contract, the entire contract can be avoided for the breach of warranty, regardless of the materiality of the statement. How far this is true for life insurance contracts with special reference to provisions made under section 45 of Insurance Act, 1938? 6

c) Mr 'M' Businessman took life insurance policy on 24-9-2002. He died on 25-6-2004 due to heart attack. Death intimation to insurer was sent on 5-8-2004. Insurer took decision of claim repudiation on 24-10-2004. State with reasons based on decided court case whether sec. 45 of the Insurance Act, 1938 would be applicable? 3

4. क) जीवन बीमा संविदा को अंतर्गत अपंगता हितलाभ से क्या अभिप्राय है ? इसकी शर्तों- प्रतिप्रबंधों और वर्जनाओं यदि कोई हों तो, उनके विषय में लिखिए । 6

(प्रत्येक के 2 अंक)

ख) कारण सहित लिखिए कि क्या द्विगुण दुर्घटना हितलाभ दावे निम्नलिखित मामलों में देय होंगे।

i) विधिक न्यायालय द्वारा श्री 'एल' को अपनी पत्नी का कत्ल करने के अपराध में दोषी पाया गया और दण्डात्मक प्रक्रिया स्वरूप उसको फांसी दी गी ।

ii) एक किसान श्री 'ई' ने अपनी जीवन बीमा पॉलिसी लेने के तीसरे वर्ष में कर्ज का अधिक बोझ होने के कारण अत्महत्या कर ली ।

iii) रेल गाड़ी से रोज चलने वाले श्री 'टी' एक दिन जब रेलवे फुटबोर्ड पर खड़े होकर यात्रा कर रहे थे, रेल की पटरी पर गिर जाने से उनकी मृत्यु हो गयी ।

4. a) What is meant by disability benefit under life insurance contract? State it's terms conditions and exclusions if any? 6

b) Explain with reasons whether double accident benefits claim would be admissible under following cases. 2 each

i) Mr 'L' was convicted by court of laws for offence murder of his wife and in execution of punishment, he was hanged.

ii) Mr. 'E' an agriculturist, committed suicide in 3rd year of his life insurance policy due to heavy indebtness.

iii) Mr 'T' a daily commuter, one day while traveling on railway foot board, died due to falling on railway line.

(प्रत्येक के 6 अंक)

5. क) पुनर्बीमा क्या है ? ऐच्छिक पुनर्बीमा और समझौता पुनर्बीमा का अंतर बताइए ।

ख) आयकर अधिनियम 1961 (अद्यतन संशोधनों सहित) के अंतर्गत प्रावधानित प्रोत्साहनों को जीवन बीमा पॉलिसियों में विनियोजन हेतु बताइए ।

5. a) What is reinsurance? Bring out the difference between Facultative reinsurance and treaty reinsurance. 6 each

b) State the incentives provided under Income Tax Act, 1961 (as per latest amendments) for investment in life insurance policies.

6. क) विवाहित स्त्री सम्पदा अधिनियम 1874 के अंतर्गत जीवन बीमा पॉलिसियाँ जारी करने के विभिन्न प्रावधानों को बताइए । 6

ख) एक पॉलिसी दावे के लिए एक नामांकित का अधिकार कब उत्पन्न होता है ? 2

ग) सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सराबती देवी बनाम उषा देवी के मुकदमे में क्या अनुपात बताया गया था ? 4

6. a) Enumerate the various provisions relating to issue of life insurance policies under married women's Property Act, 1874. 6

b) When does the right of a nominee arise for a policy claim? 2

c) What was the ratio laid down by the supreme court in the case of Sarabathi Devi V/s Usha Devi. 4

7. ग्राहक संरक्षण अधिनियम 1986 दावा निपटारे के लिए क्या प्रभावशाली कदम है ? अधिनियम के अंतर्गत प्रावधानित तीन स्तरीय पद्धति क्या है और वह कैसे कार्यरत होती है ? 12

7. Is Consumer Protection Act 1986 an effective remedy for settlement of claim? What are the three tier system provided under the act and how they function? 12

(प्रत्येक के 6 अंक)

8. क) मृत्यु होने को मान लेने का क्या अभिप्राय है ? मृत्यु की मान्यता के सम्बंध में कानूनी प्रावधान को समझाइए ।

ख) वसीयत प्रमाण पत्र और उत्तराधिकार प्रमाण पत्र पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए ।

8. a) What is meant by Presumption of death? Explain the legal provision relating to presumption of death. 6 each

b) Write short notes on Probate of will and succession certificate

(प्रत्येक के 4 अंक)

9. 'एक जीवन बीमा पॉलिसी कुछ सुविधाएं और छूटें एक पॉलिसी धारक को प्रदान करती है ।' इस कथन को निम्न के विषय में समझाइए :-

क) अनुग्रह दिवस

ख) पॉलिसी ऋण और

ग) समर्पण तथा प्रदत्त करना

9. 'A life insurance policy provides certain privileges and concessions to a policy holder.' Explain this statement in respect of :- 4 each

a) Days of grace

b) Policy Loan, and

c) Surrender and Paid up

10. 'संविदा' को परिभाषित करिए । भारतीय संविदा अधिनियम के अनुसार एक मानसंविदा की क्या शर्तें हैं ? 12

10. Define 'Contract'. What are the conditions for a valid contract as per the Indian Contract Act? 12

----- समाप्त -----

----- END -----

मई, 2009
MAY, 2009

**AL-25**

# एसोशिएटशिप परीक्षा
## जीवन बीमा प्रबन्ध
# ASSOCIATESHIP EXAMINATION
## LIFE ASSURANCE MANAGEMENT

समय : 3 घंटे ] [कुल अंक : 100
Time: 3 Hours] [Total Marks : 100

**किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के हैं।**

Answer **EIGHT** questions only. Question **ONE** carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

---

Marks
(प्रत्येक के 8 अंक)

1. क) यह कहा जाता है कि संगठन की संरचना ऐसी होनी चाहिए जिससे संगठन को अपने उद्देश्यों को खुशलता पूर्वक प्राप्त करने में सहयोग मिले । इस बात को कम से कम चार तरीकों से समझाइए जिसमें संगठन की संरचना इसकी कार्य कुशलता को एक या अन्य प्रकार से प्रभावित कर सकती हो ।
   ख) आप जिस कार्यालय में कार्यरत हैं, उसकी संरचना लिखिए और अपने उत्तर की उपायदेयता को ऊपर (क) में प्रदर्शित करिए ।

1. a) It is said that organizational structure must be such that it enables the organization to achieve its objectives efficiently. Explain at least four ways in which the structure can affect the efficiency of the organization one way or the other. — 8 each
   b) Explain the structure of the office in which you are working and illustrate the validity of your answer in (a) above.

2. संक्षेप में निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए (लगभग 50 शब्दों में ) — (प्रत्येक के 4 अंक)
   क) अधिकार
   ख) पुनर्बीमा
   ग) अनुभव दर

2. Write short notes (about 50 words) on the following:- — 4 each
   a) Authority
   b) Reinsurance
   c) Experience rating

3. निम्नलिखित में अंतर बताइए :- (प्रत्येक के 4 अंक)

क) स्वतंत्र बाजार और सरकार द्वारा नियंत्रित बाजार.

ख) वान और लान (WAN and LAN)

ग) लागत नियंत्रण और लागत घटाना

3. Distinguish between :- 4 each

a) Free market and Government regulated market.

b) WAN and LAN

c) Cost control and cost reduction

4. निम्नलिखित विवरणों का महत्व समझाइए :- (प्रत्येक के 4 अंक)

क) कार्य भार सौंपना प्रबंधन का एक उपकरण है ।

ख) जीवन बीमा व्यवसाय के विशेष लक्षण हैं - अधिक मात्रा, दीर्घावधि संविदाएं, भौगोलिक विस्तार और पुनरावृत्ति रूपी क्रियायें ।

ग) बीमांककीय कार्य में अत्याधिक अन्वेषण और अंतर्राष्ट्रीय प्रचलनों का बार-बार विश्लेषण करना होता है ।

4. Explain the importance of the following statements :- 4 each

a) Delegation is a management tool

b) Special characteristics of the life insurance business include large volumes, long term contracts, geographical spread and repetitive time triggered activities.

c) Actuarial work calls for a great deal of research and frequent analysis of international practices.

5. बताइए निम्नलिखित में से कौन से विवरण सत्य हैं और कौन से असत्य । कारण भी लिखिए । (प्रत्येक के 2 अंक)

क) भारत में कुछ बीमा कम्पनियां पारस्परिक कम्पनियां हैं ।

ख) समूह बीमा योजनाएं केवल नियोक्ताओं को दी जाती हैं ।

ग) एक चिकित्सकीय विवरण जीवन बीमा संविदा का अंग होता है ।

घ) एक पॉलिसीधारक इस आधार पर पॉलिसी के कालातीत होने की चुनौती दे सकता है कि उसे नवीनीकरण प्रीमियम सूचना नही मिली थी ।

ङ) अजप्तीकरण उपबंध पॉलिसी की परिसमापन कार्यवाही करता है ।

च) लाभ सहित पॉलिसियों को बोनस देना, बोनस भुगतान से सम्बंधित नहीं है ।

5. State which of the following statements are **true** and which ones are **false** 2 each
**Give reasons :-**
   a) Some insurance companies in India are mutual companies.
   b) Group insurance plans are issued only to employers.
   c) A medical report forms part of the life insurance contract.
   d) A policy holder can challenge the lapse of a policy on the ground that the renewal premium notice was not received by him.
   e) Non-forfeiture clause deals with foreclosure of a policy.
   f) Bonus to with-profit policies are not governed by the Payment of Bonus.

6. क) समूह उपदान योजनाओं के अंतर्गत दो पद्धतियों के लाभों को तुलनात्मक रूप से बताइए । 10
   ख) क्या कर्मचारियों को समूह उपदान पॉलिसी के अंतर्गत देय प्रीमियम के लिए अंशदान करना होता है ? यदि है तो क्या कर्मचारियों को कोई आयकर छूट मिलती है ? 2

6. a) Discuss the comparative benefits under the two systems of group gratuity schemes? 10
   b) Are employees required to contribute towards the premium payable under a group gratuity policy? If so, is there an income tax benefit for the employees? 2

(प्रत्येक के 6 अंक)

7. क) एक पॉलिसी धारक यह निवेदन करता है कि उसकी रूपए 50,000/- की पॉलिसी को दो पॉलिसियों में विभाजित कर दिया जाये जिनमें प्रत्येक रूपए 25,000/- की हो और प्रीमियम भुगतान विधि तिमाही कर दी जाये । अवधि या योजना में कोई परिवर्तन न हो । उसने लिखा है कि वह दो नवीन पॉलिसियों में से एक को प्रदत्त करना चाहता है और दूसरे को चालू रखना चाहता है क्योंकि इसमें प्रीमियम कम होगा । क्या यह परिवर्तन किया जा सकता है ?
   ख) क्या एक बीमाकर्ता ऐसे निवेदन पर विचार करेगा जिसमें प्रारम्भ में लगाया गया अतिरिक्त प्रीमियम हटा लिया जाये क्योंकि उस अतिरिक्त प्रीमियम को लगाये जाने के हालत अब नहीं हैं । क्या कोई नयी शर्त लगायी जायेगी ?

7. a) A policy holder requests that his policy for Rs. 50,000, be split into two policies for Rs. 25,000 each, and premium mode changed to quarterly, with no change in term or plan. He has said that he wants to 6 each

make one of the two new policies paid up and would like to continue the other as the premium on it will be lower. Will this alteration be allowed?

b) Will an insurer consider a request for removal of extra charged at commencement, as the circumstances justifying the extra do not exist any more? Will any new conditions be imposed?

8. क) एक पॉलिसी का समर्पण करने पर क्या निषेध लगाये जाते है ? 2

ख) पॉलिसी धारक द्वारा विधिपूर्वक हस्ताक्षरित विभुक्ति पत्र मिलने पर समर्पण मूल्य का एक चेक उसको 16 फरवरी को भेजा गया । उसने बीमाकर्ता को वह चेक 24 अप्रैल को इस निवेदन के साथ वापस कर दिया कि समर्पण को रद्द कर दिया जाये और उसकी पॉलिसी चालू रखी जाये । उसने लिखा है कि फरवरी में रूपयों की बहुत जरूरत थी लेकिन अब हालात बदल गये हैं । पॉलिसी पर कोई ऋण नहीं लिया गया है और पूर्व वर्ष के दिसम्बर में देय वार्षिक प्रीमियम अदा कर दिया गया था । इस निवेदन पर आप क्या कार्यवाही करेंगे? (इस सम्बंध में कम्पनी के प्रचलन पर ध्यान मत दीजिए ) 6

ग) यदि पॉलिसीधारक की मृत्यु 20 अप्रैल को होती और नामांकिती ने समर्पण मूल्य का चेक दावे के साथ वापस किया होता? 4

8. a) What are the restrictions on surrendering a policy? 2

b) On receipt of the discharge form duly signed by the policy holder, a cheque for the Surrender Value was sent to him on 16th February. He returned the cheque to the insurer on the 24th April with a request that the surrender be cancelled and that the policy may be treated as continuing in force. He has stated that there was an urgent need for funds in February, but the situation had changed. There is no loan on the policy and the annual premium due in December of the previous year had been paid. What action will you take on this request? (Ignore company practices in this regard) 6

c) What would have been done if the policy holder had died on 20th April and the nominee had returned the Surrender Value cheque with the claim? 4

9. एक पॉलिसी धारक जिसकी मृत्यु 24 फरवरी 2008 को हो गयी थी, उसके पास तीन पॉलिसियां थीं जो 10 मार्च 1999, 25 सितम्बर 2004 और 3 मई 2006 क्रमानुसार ली गयीं थीं जो प्रत्येक रू. 1 लाख की थी । 12

क) आप कौन से दावा-प्रपत्र मांगेंगे?

ख) क्या आप तीनों पॉलिसियों के लिए अलग-अलग दावा प्रपत्र मांगेंगे?

ग) क्या आप तीसरी पॉलिसी के विषय में पूछताछ करेंगे?

घ) क्या तीनों पॉलिसियों के अंतर्गत दावे एक साथ स्वीकृत किये जायेंगे या अलग-अलग ?

9. A policy holder who died on 24th February 2008 had three policies, taken on 10th March 1999, 25th September 2004 and 3rd May 2006 respectively, all for Rs. 1 lakh each. 12

a) What claim forms would you ask for?

b) Would you ask for separate claim forms for the three policies?

c) Would you make enquiries in respect of the third policy?

d) Will the claims under the three policies be admitted at the same time or separately?

10. क) 'कार्य सरलीकरण' से आप क्या समझते हैं ? 3

ख) यह कैसे किया जा सकता है ? 3

ग) (i) समूह गतिशीलता और (ii) सूचीगत साक्षात्कार के फायदों को समझाइए । 6

10. a) What do you understand by 'Work simplification'? 3

b) How is it done? 3

c) Explain the advantages of :- 6

i) Group dynamics and

ii) Panel interviews

------ समाप्त ------

------ END ------

मई, 2009
MAY, 2009

**AL-26**

# एसोशिएटशिप परीक्षा
# जीवन बीमा वित्त
# ASSOCIATESHIP EXAMINATION
# LIFE ASSURANCE FINANCE

समय : 3 घंटे ] [कुल अंक : 100
Time: 3 Hours] [Total Marks : 100

**किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के हैं।**

Answer **EIGHT** questions only. Question **ONE** carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

---

Marks

1. ए. बी. सी. लाइफ इंश्योरेंश कं. लि. की लेखा पुस्तकों 31.3.2008 को निम्न लिखित शेष थे। राजस्व खाता और तुलन पत्र बीमा अधिनियम 1938 के अंतर्गत निर्धारित प्रारूप के अनुसार बनाइए। 16

(रूपये लाख में)

| क्रमांक | खाता शीर्ष | नामे रू. | जमा रू. |
|---|---|---|---|
| 1. | अग्रिम आयकर | 50,080 | - |
| 2. | अभिकर्ता शेष | 23,200 | - |
| 3. | वार्षिकियाँ | 86,408 | - |
| 4. | वार्षिकियाँ देय एवं बकाया | - | 4,505 |
| 5. | नकद बोनस | 5,007 | - |
| 6. | मृत्यु दावा | 63,460 | - |
| 7. | परिपक्वता दावा | 1,08,930 | - |
| 8. | अभिकर्ताओंको कमीशन | 2,04,140 | - |
| 9. | अर्पित पुनर्बीमा पर कमीशन | - | 15 |
| 10. | दी गई वार्षिकियों का प्रतिफल | - | 78,160 |
| 11. | नकद एवं बैंक शेष | 1,25,678 | - |
| 12. | वेतन | 3,12,045 | - |
| 13. | प्रबंधकीय अन्य व्यय | 1,75,090 | |
| 14. | उपस्कर | 80,900 | |
| 15. | प्रथम वर्षीय प्रीमियम | - | 1,71,011 |
| 16. | आवासीय सम्पत्ति | 10,80,000 | - |
| 17. | मान्य प्रतिभूतियों में विनियोजन | 42,12,120 | |

| क्रमांक | खाता शीर्ष | नामे रू. | जमा रू. |
|---|---|---|---|
| 18. | ब्याज, लाभांश एवं किराया | - | 7,00,700 |
| 19. | पॉलिसियों पर ऋण | 50,450 | - |
| 20. | बंधक पर ऋण | 30,000 | - |
| 21. | जीवन विधि | - | 49,66,084 |
| 22. | मोटर गाड़ी | 1,450 | - |
| 23. | मृत्यु दावा बकाया | - | 5,550 |
| 24. | परिपक्वता दावा बकाया | - | 15,670 |
| 25. | बकाया दावे प्रतिलेखन | - | 1,200 |
| 26. | सम्पत्ति विक्रय पर लाभ | - | 11,220 |
| 27. | पॉलिसी जमा धन | - | 3,445 |
| 28. | नवीनीकरण प्रमियम | - | 6,41,900 |
| 29. | अर्पित पुनर्बीमा प्रमियम | 550 | - |
| 30. | अंश पूंजी | - | 25,000 |
| 31. | विविध देनदार | 7,440 | - |
| 32. | समर्पण | 6,507 | - |
| 33. | विविध जमा धन | 1,005 | - |
| | कुल : - | 66,24,460 | 66,24,460 |

निम्नलिखित समायोजन करने हैं :- (रूपये लाख में)

| | | रू. |
|---|---|---|
| 1) | घटौती लगाइए | |
| | - आवासीय सम्पत्ति | 54,100 |
| | - मोटर गाड़ी | 140 |
| | - उपस्कर | 7,040 |
| 2) | देय आयकर का प्रावधान करिए | 65,160 |
| 3) | अशोध्य एवं संदेहात्मक ऋणों हेतु आरक्षण | 25 |
| 4) | ब्याज उपार्जित पर देय नहीं | 740 |
| 5) | किराया अग्रिम प्राप्त | 122 |
| 6) | पूर्व दत्त किराया | 58 |

1. The following balances appear in the Books of ABC Life Insurance Co. Ltd. as at 31.3.2008. Prepare Revenue Account and Balancesheet as per forms prescribed under Insurance Act 1938. 16

(Rs. in Lakhs)

| Sr. No. | Head of Account | (Debit) Rs. | (Credit) Rs. |
|---|---|---|---|
| 1. | Advance Income Tax | 50,080 | - |
| 2. | Agent's Balances | 23,200 | - |
| 3. | Annuities | 86,408 | - |
| 4. | Annuities due and unpaid | - | 4,505 |
| 5. | Bonus in cash | 5,007 | - |
| 6. | Claims by death | 63,460 | - |
| 7. | Claims by maturity | 1,08,930 | - |
| 8. | Commission to agents | 2,04,140 | - |
| 9. | Commission Re-insurance ceded | - | 15 |
| 10. | Consideration for Annuities granted | - | 78,160 |
| 11. | Cash and Bank Balances | 1,25,678 | - |
| 12. | Salaries | 3,12,045 | - |
| 13. | Other expenses of management | 1,75,090 | |
| 14. | Furniture and Fixtures | 80,900 | |
| 15. | First year Premium | - | 1,71,011 |
| 16. | House Property | 10,80,000 | - |
| 17. | Investments in Approved Securities | 42,12,120 | - |
| 18. | Interest, Dividend and Rent | - | 7,00,700 |
| 19. | Loans on Policies | 50,450 | - |
| 20. | Loans on Mortgage | 30,000 | - |
| 21. | Life Fund | - | 49,66,084 |
| 22. | Motor Car | 1,450 | - |
| 23. | Outstanding Claims - Death | - | 5,550 |
| 24. | Outstanding Claims Maturity | - | 15,670 |
| 25. | Outstanding Claims W/back | - | 1,200 |
| 26. | Profit on sale of Assets | - | 11,220 |
| 27. | Policy Deposits | - | 3,445 |
| 28. | Renewal Premium | - | 6,41,900 |
| 29. | Re-insurance premium ceded | 550 | - |
| 30. | Share Capital | - | 25,000 |
| 31. | Sundry Debtors | 7,440 | - |
| 32. | Surrenders | 6,507 | - |
| 33. | Sundry Deposits | 1,005 | - |
| | Total : - | 66,24,460 | 66,24,460 |

**Following adjustments are to be considered:-** (Rs. in Lakhs)

| | | | Rs. |
|---|---|---|---|
| 1) | Provide depreciation on | - House Property | 54,100 |
| | | - Motor Car | 140 |
| | | - Furniture and Fixtures | 7,040 |
| 2) | Provide for Income Tax payable | | 65,160 |
| 3) | Transfer for Reserve for Bad and doubtful debts | | 25 |
| 4) | Interest Accrued but not Due | | 740 |
| 5) | Rent received in advance | | 122 |
| 6) | Prepaid Rent | | 58 |

2. क) बैंक विवरण और बैंक खाते के अनुसार शेषों में अंतर रहने का कारण बताइए जो उसी अवधि की नकद बही के अनुसार होता है। 4

ख) मेसर्स एक्स. वाई. ज़ेड एण्ड कम्पनी की नकद बही में 31.12.2008 को रू. 8,364.00 बैंक में शेष है। बैंक पास बुक की जाँच से निम्नलिखित विसंगतियों का पता चला। बैंक समाधान विवरण बनाइए। 8

i) 15.12.2008 नकद बही की भुगतान की तरफ रू. 100 से कम थी।

ii) रू.131 का एक चेक जो 25.12.2008 को जारी किया गया था, उसे बैंक स्तम्भ में नहीं दिखाया गया।

iii) बैंक में जमा किए गए रू. 150 नक़द बही में नहीं लिए गए।

iv) 18.12.2008 को पहले दिन का रू. 1,526 का नामे शेष नकद बही में जमा शेष के रूप में दिखाया गया।

2. a) Give reasons for the difference in the Balance as per Bank Statement and the Balance as per Bank Account as per Cash Book for the same period. 4

b) The Cash Book of M/s X Y Z & Co. shows Rs. 8,364.00 as the Balance at Bank as on 31.12.08. On scrutiny of Bank Pass Book, the following discrepancies were found. Prepare Bank Reconciliation Statement. 8

i) 15.12.2008 the payment side of Cash Book was undercast by Rs. 100

ii) A cheque for Rs. 131 issued on 25.12.08 was not taken in the Bank Column.

iii) Deposit of Rs. 150 in the Bank, was not accounted in Cash Book.

iv) On 18.12.2008, the 'Debit Balance' of previous day of Rs. 1,526 was brought forward as 'Credit Balance' in the Cash Book.

3. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :- (प्रत्येक के 4 अंक)
   i) बीमा अधिनियम 1938 की धारा 27 ए
   ii) बजट प्रक्रिया से लाभ
   iii) मूल्यांकन आधिक्य.

3. Write short notes on :- 4 each
   i) Section 27A of Insurance Act 1938
   ii) Budget Implementation Advantages
   iii) Valuation Surplus

(प्रत्येक के 3 अंक)

4. क) घटौती की किन्हीं चार विधियों का नाम लिखिए और उनको संक्षेप में समझाइए।
   ख) विलंबित राजस्व व्यय पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
   ग) प्रावधान और आरक्षण में अंतर बताइए।
   घ) व्यक्तिगत और समूह बीमा पॉलिसियों में अंतर बताइए।

4. a) Name **any four** methods of Depreciation and explain them brief. 3 each
   b) Write short note on Deferred Revenue Expenditure.
   c) Distinguish between Provision and Reserve.
   d) Difference between Individual and Group Insurance Policies.

5. निम्नलिखित व्यवहारों की जर्नल प्रविष्टियाँ करिए। (प्रत्येक के 2 अंक)
   i) रू. 260 लाख के परिपक्वता दावा प्रति लेखित किए गए।
   ii) लायड्स इश्योरेंस कं. को रू. 375 लाख अर्पित पुनर्बीमा प्रीमियम अदा किया।
   iii) रू. 30,000 का मोटर कार बीमा वार्षिक पॉलिसी के लिए 1.1.2009 को कमीशन दिया गया आवश्यक पूर्वदत्त समायोजन प्रविष्टि 31.3.2009 को बनाइए।
   iv) उपस्कर मरम्मत रू. 1,75,000 के गलत नामे की समायोजन प्रविष्टि उपस्कर खाते हेतु करिए।
   v) बैंक द्वारा रू. 1,65,000 आहरण ब्याज़ के रूप में 28.3.2009 को नामे किए गए।
   vi) पेनल ब्याज रू. 6,000 पालिसी धारक को दिया गया जिसमें रू. 600 आयकर के लिए काटे गये।

5. Write Journal Entries for following transactions. 2 each

i) Maturity Claims of Rs. 260 lakhs were written back.

ii) Reinsurance Premium of Rs. 375 Lakhs is ceded to Lloyeds Insurance.

iii) Motor Car Insurance of Rs. 30,000 is paid for Annual Policy commencing on 1.1.2009. Pass necessary prepaid adjustment entry as at 31.03.2009.

iv) Pass adjustment entry for wrong debit of furniture repairs of Rs.1,75,000 to Furniture and Fixtures Account.

v) Bank has debited Rs. 1,65,000 as overdraft interest directly on 28.03.2009.

vi) Penal Interest of Rs. 6,000 was paid to policy holder by deducting Rs. 600 towards Income Tax.

6. संक्षेप में समझाइए :- (प्रत्येक के 3 अंक)

क) मूलभूत लेखा अनुमान

ख) कराधान के सूत्र

ग) कार्यालय प्रीमियम

घ) आकस्मिक देनदारी

6. Explain in short :- 3 each

a) Fundamental Accounting Assumptions.

b) Canons of Taxation.

c) Office Premium.

d) Contingent Liability.

7. क) लेखा परीक्षण की व्याख्या करिए। (प्रत्येक के 4 अंक)

ख) लेखा परीक्षण और लेखा लिखने में क्या अंतर है?

ग) कपट का पता लगने की प्रक्रिया बताइए।

7. a) Define Audit. 4 each

b) What is the difference between Auditing and Accounting?

c) Describe the process of detection of fraud.

8. निम्नलिखित अनुपातों के नियमों को लिखिए :- (प्रत्येक के 2 अंक)

i) ई. पी. एस. अनुपात

ii) ऋण सेवा आच्छान अनुपात

iii) पी. ई. अनुपात

iv) तुरंत अनुपात
v) अनुरक्षण अनुपात
vi) आर. ओ. आई. अनुपात

8. Write formulae for following Ratios with brief explanation of its significance. 2 each
i) EPS Ratio
ii) Debt Service Coverage Ratio
iii) P E Ratio
iv) Quick Ratio
v) Conservation Ratio
vi) R. O. I. Ratio

9. अ) आयकर अधिनियम 1961 की धारा 145 क्या है? (प्रत्येक के 4 अंक)
ब) नवीनीकरण व्यय अनुपात क्या है?
क) आयकर अधिनियम 1961 की धारा 10 के अंतर्गत आय पर कर से छूट के आठ उदाहरण दीजिए।

9. i) What is Section 145 of Income Tax Act 1961? 4 each
ii) What is Renewal Expense Ratio?
iii) Give **eight** examples of Income exempt from tax under Sect. 10 of Income Tax Act 1961.

10. मेसर्स शाह इंटरप्रइज़ेज़ के निम्नलिखित तलपट जो 31.03.2009 का है, व्यापार एवं लाभ हानि खाता वर्ष के अंत हेतु और तुलन पत्र 31.3.2009 को बनाइए। 12

| नामे शेष | रू. | जमा शेष | रू. |
|---|---|---|---|
| प्लाँट और यंत्र | 40,000 | बाहर वापसी | 2,500 |
| क्रय | 92,000 | विक्रय | 1,51,000 |
| भूमि और भवन | 60,000 | पूंजी | 2,70,000 |
| मजदूरी | 8,600 | विविध लेनदार | 24,000 |
| इंधन तथा बिजली | 3,500 | विविध आय | 12,000 |
| कमीशन | 6,000 | बैंक से अधिक निकाला | 60,000 |
| मोटर गाड़ी | 92,500 | कमीशन | 36,000 |
| बीमा | 3,800 | देय बिल | 40,000 |
| ख्याति | 45,000 | बकाया प्रभार | 3,400 |

| नामे शेष | रू. | जमा शेष | रू. |
|---|---|---|---|
| देनदार | 26,000 | | |
| हस्तगत रोकड़ | 12,000 | | |
| प्रारम्भिक भण्डार | 62,000 | | |
| उचंत खाता | 15,800 | | |
| वेतन | 22,000 | | |
| राजस्व | 6,800 | | |
| टेलिफोन प्रभार | 750 | | |
| छपाई एवं लेखा सामग्री | 1,250 | | |
| विनियोजन | 80,000 | | |
| उपस्कर | 10,000 | | |
| बट्टा | 2,500 | | |
| आहरण | 6,000 | | |
| पूर्वदत्त किराया | 2,400 | | |
| कुल - | 5,98,900 | कुल - | 5,98,900 |

**समायोजन :-** रू.

i) अंतिम भण्डारण का मूल्यांकन 80,000

ii) बकाया व्यय :

- वेतन 2,000
- टेलिफोन प्रभार 1,200

iii) मूल्य ह्रास लागू कीजिए :

- प्लाँट एवं यंत्र पर 15%
- भूमि एवं भवन पर 5%

iv) अशोध्यऋणों हेतु प्रावधान 1,600

v) बीमा 30.6.2009 तक अदा किया है।

vi) लेखन सामग्री के अंतिम भण्डारण का मूल्यांकन रू. 250 किया गया है।

10. From the following Trial Balance of M/s Shah Enterprises as at 31.03.2009 prepare Trading and Profit and loss Account for the year ending and Balance Sheet as at 31.03.2009 12

| Dr. Balances | Rs. | Cr. Balances | Rs. |
|---|---|---|---|
| Plant & Machinery | 40,000 | Return Outwords | 2,500 |
| Purchases | 92,000 | Sales | 1,51,000 |
| Land & Building | 60,000 | Capital | 2,70,000 |

मई, 2009
MAY, 2009

# AG-51

# एसोशिएटशिप परीक्षा
# विशिष्ट उद्योगों की अग्नि आपदाएं
# ASSOCIATESHIP EXAMINATION
# FIRE HAZARDS OF SPECIFIC INDUSTRIES

समय : 3 घंटे ] [कुल अंक : 100
Time: 3 Hours] [Total Marks : 100

किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के हैं।

Answer **EIGHT** questions only. Question **ONE** carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

---

Marks

1. अ) निरन्तर सॉल्वेन्ट निष्कर्षण प्रक्रियाओं को मोटे तौर पर सात अवस्थाओं में विभाजित किया जा सकता है - इन अवस्थाओं के नाम बताइए। 4
   ब) जिनिंग मशीनों के तीन आम प्रकारों को सूचीबध्द कीजिए। 3
   स) इंजीनियरिंग उद्योग के अंतर्गत लागू मेटल परिष्करण प्रक्रियाओं के पाँच प्रकारों के नाम बताइए। 4
   द) अग्नि तथा विस्फोट की दृष्टि से हाइड्रोकार्बन प्रोसेसिंग कॉम्प्लेक्स को पाँच क्षेत्रों में बांटा जा सकता है। - इन क्षेत्रों की पहचान कीजिए। 5

1. a) Continuous Solvent Extraction processes can be broadly divided into seven stages – name those stages. 4
   b) List out three common types of Ginning Machines. 3
   c) Name five types of metal cleaning processes applicable under Engineering Industry. 4
   d) "The Hydrocarbon processing complex can be divided into five areas from the fire and explosion point of view – Identify the areas. 5

2. लकड़ी के पल्प तथा गट्ठों में माल के भंडारण हेतु अग्नि/हानि निवारण उपायों पर चर्चा कीजिए। 12

2. State Fire/Loss prevention measures for wood Pulp and Baled Baggase storage. 12

(प्रत्येक के 6 अंक)

3. अ) जूट मिलों में उत्पादन विभागों में आग लगने के छः तरीकों का उल्लेख कीजिए।
   ब) तैयार कागज के इन्डोर तथा आउट-डोर भंडारण दोनों हेतु अग्नि निवारण उपायों की चर्चा कीजिए।

3. a) Describe **six** ways in which fires may occur in the manufacturing departments in Jute Mills. 6 each
   b) Mention fire prevention measures for both indoor and outdoor storage of finished papers.

(प्रत्येक के 6 अंक)

4. इंजीनियरिंग में निम्नलिखित प्रक्रियाओं के संदर्भ में अग्नि खतरों का उल्लेख कीजिए। (**किन्हीं दो** के उत्तर दीजिए) :-
   अ) ऑयल क्वेन्चिंग
   ब) पाउडर कोटिंग
   स) स्प्रे पेन्टिंग

4. State the fire hazards in respect of following processes of Engineering Industries (answer **any two**) : 6 each
   a) Oil Quenching
   b) Powder Coating
   c) Spray Painting

5. अ) टैक्सटाइल मिल्स की बहुमंजिली संरचना होने से उत्पन्न होनेवाले खतरों की परीक्षा कीजिए। 6
   ब) टेक्सटाइल मिल्स में फ्लफ की समस्या से आप क्या समझते हैं? 2
   स) किसी टैक्सटाइल मिल के विभिन्न विभागों तथा गोदामों में ऐसे आठ कारणों को सूचीबध्द कीजिए जो मुख्यत: अग्नि खतरों में योगदान दे सकते हैं। 4

5. a) Examine the hazards which arise from storeyed structures housing textile mills. 6
   b) What do you mean by problem of fluff in textile mills? 2
   c) List out **eight** causes which mainly contribute to fire hazards in various departments and godowns of a textile mill. 4

6. हाइड्रोकार्बन प्रोसेसिंग प्लाँट्स के थोक मात्रा में टैंक में एकत्रीकरण तथा टैंक फार्म्स में क्या सावधानियाँ बरती जानी चाहिए? 12

6. What precautions are to be taken in the Bulk tankages and Tank Farms of the Hydrocarbon processing Plants. 12

(प्रत्येक के 6 अंक)

7. निम्नलिखित में से किन्हिं दो के उत्तर शॉप फ्लोर लेवल से उदाहरणों के साथ दीजिए:-
   अ) किसी सॉल्वेन्ट निष्कर्षण प्लांट में अग्नि के छः बड़े कारणों का उल्लेख कीजिए।
   ब) चाय उद्योग में निर्माण के कारण अग्नि खतरों को स्पष्ट कीजिए।
   स) किसी टेक्सटाइल मिल में केमिकल प्रोसेसिंग से उत्पन्न होने वाले अग्नि खतरों का उल्लेख कीजिए।

7. Answer **Any Two** with examples from shop floor level : 6 each
   a) Mention **six major** causes of fire in a solvent extraction plant.
   b) Explain the fire hazards due to construction in tea industries.
   c) What are the fire hazards arising from chemical processing in a textile mill?

8. अ) बताइए :- (प्रत्येक के 5 अंक)
   i) रबर उद्योग में स्थैतिक विद्युत से सम्बध्द खतरे
   ii) जूट गोदामों में अग्नि की विशेष समस्याएं
   ब) रॉक ऑयल के आसवन (अर्थात रिफाइनिंग) से प्राप्त होने वाले चार प्रमुख उत्पादों के नाम बताइए। 2

8. a) Identify : 5 each
   i) The hazards associated with Static Electricity in rubber industry.
   ii) Special problems of fire in Jute Godowns.
   b) Name **four** principal products obtained by distillation (i.e. refining) of Rock Oil. 2

9. रबर उद्योगों में "फैलाव प्रचालन" में अग्नि जोखिम की चर्चा कीजिए। 12

9. Discuss the Fire Hazards in "Spreading Operation" of Rubber industries. 12

10. पेपर मशीनों में निहित अग्नि खतरों का उल्लेख करते हुए जोखिम सुधार उपायों पर प्रकाश डालिए। 12

10. Enumerate the Fire hazards in Paper Machines and Risk improvement measures. 12

----- समाप्त -----

----- END -----

**AG-52**

मई, 2009
MAY, 2009

# एसोशिएटशिप परीक्षा
# सामान्य अग्नि आपदाएं
# ASSOCIATESHIP EXAMINATION
# GENERAL FIRE HAZARDS

समय : 3 घंटे ] [कुल अंक : 100
Time: 3 Hours] [Total Marks : 100

**किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के हैं।**

Answer **EIGHT** questions only. Question **ONE** carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

---

Marks
(प्रत्येक के 4 अंक)

1. अ) ज्वलनशील वातावरणों के चार भिन्न समूहों का उल्लेख कीजिए, जिनके लिए "ज्वाला-रोधी" उपकरणों/यंत्रों हेतु अलग विनिर्धारण तय किए गये हों।
   ब) किसी सु-प्रबंधित फैक्ट्री के किन्हीं चार संकेतों को सूची बध्द कीजिए।
   स) चार प्रकार के अग्निशमन यंत्रों के नाम बताइए तथा उनके आग बुझानें के कार्य के सिध्दान्तों का उल्लेख कीजिए।
   द) चार भिन्न प्रकार के अग्नि डिटेक्टर्स की चर्चा कीजिए जो कि आग के बढ़ने की विभिन्न अवस्थाओं में सक्रिय होते हैं।

1. a) Mention **four** different groups of flammable atmospheres for which separate specifications for "flame proof" equipments/apparatus are prescribed. — 4 each
   b) List out **any four** signs of a well-managed factory.
   c) Name **four** types of extinguishers and detail the principles of their working to extinguish fire.
   d) Describe the **four** different types of fire detectors are being actuated in the various stages of development of fire.

2. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : (किन्हीं तीन के उत्तर दें) — (प्रत्येक के 4 अंक)
   अ) आग पर नियंत्रण के लिए सावधानियाँ
   ब) उद्योग में स्थैतिक बिजली
   स) भट्टी में विस्फोट के कारण
   द) ट्रेड रद्दी का अग्नि खतरा

2. Write short notes on :- (**any three**) 4 each
   a) Precautions for control of Fire.
   b) Static Electricity in Industry.
   c) Causes of Furnace Explosion
   d) Fire hazard of Trade waste.

(प्रत्येक के 6 अंक)

3. अ) तीन भिन्न परिस्थितियों का उल्लेख कीजिए जिसमें 'स्वत: दहन' की स्थिति पैदा हो सकती है।
   ब) कोयले के भंडारण की वांछनीय दशाओं की पहचान कीजिए जिससे कि स्वत: दहन से बचा जा सके।

3. a) Elaborate **three** different circumstances under which "Spontaneous Combustion" may occur. 6 each
   b) Identify the conditions desirable for storage of coal to prevent spontaneous combustion.

(प्रत्येक के 2 अंक)

4. अ) निम्नलिखित शब्द-युग्मों को परिभाषित कीजिए (**किन्हीं तीन के उत्तर दें**) :-
   i) बाश्प डीग्रीसिंग
   ii) लैम्पब्लैक
   iii) सुप्त जोखिम
   iv) एल पी जी
   ब) एक इंश्योरेन्स कंपनी के क्षेत्रीय कार्यालय का क्षेत्रफल 1250 वर्ग मीटर है। उस कार्यालय में स्थित फर्नीचर, फिक्सचर्स तथा स्टेशनरी का वज़न 16 मीटरिक टन है। अगर इन वस्तुओं की औसत कैलरी मान 5000 किलो कैलरी/किलो हो - तो उस कार्यालय के अग्निभार (फायर लोड) की गणना करें. (भवन में निहित ज्वलनशील हिस्सों की उपस्थिति की उपेक्षा करें) 6

4. a) Define the following terms (answer **any three**) 2 each
   i) Vapour Degreasing
   ii) Lampblack
   iii) Silent Risk
   iv) LPG

b) A regional office of an Insurance Company is having an area of 1250 square meters. The weight of furniture, fixtures and stationery in that office is about 16 metric tones. If the average Calorific value of these contents is 5000 Kcal/Kg. Calculate the fire load of that office (Ignoring the presence of combustible parts of the building itself) 6

5. निम्नलिखित के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए (**किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए**) :- (प्रत्येक के 4 अंक)
   i) गैस वेल्डिंग तथा गैस कटिंग
   ii) अग्नि के श्रेणी 'ए' तथा श्रेणी 'बी' प्रकार
   iii) कार्बन डाईऑक्साइड अग्निशमन यंत्र तथा शुष्क केमिकल अग्नि शमन यंत्र
   iv) 'किफायती' बॉयलरों के 'वेट बैक' तथा 'ड्राई बैक' प्रकार
   v) कार्बनिक तत्व तथा अकार्बनिक तत्व

5. Distinguish between (answer **any three**) : 4 each
   i) Gas welding and Gas cutting
   ii) Class 'A' and Class 'B' types of Fire
   iii) Carbon Dioxide Extinguishers and Dry Chemical Extinguishers.
   iv) 'Wet Back' and 'Dry Back' types of 'Economic' boilers.
   v) Organic Elements and Inorganic Elements.

6. केन्द्रीय रूपसे एयर कंडीशन्ड बड़े भवन हेतु एयर कंडीशनिंग सिस्टम के लिए क्या नियंत्रण सिस्टम अपेक्षित होते हैं? 12

6. What control system is required for Air conditioning system for large centrally air conditioned building? 12

7. "निर्माण इकाइयों की सुरक्षा प्रबंधन तथा उत्तम गृह व्यवस्था पर निर्भर करती है" स्पष्ट कीजिए। 12

7. "Safety of manufacturing units depends upon management and good house keeping." Explain. 12

8. निम्नलिखित के साथ जुड़े खतरोंको स्पष्ट कीजिए : (प्रत्येक के 4 अंक)
   अ) कोयले का भंडारण
   ब) फिनिशींग व क्लीनिंग प्रक्रियाएँ
   स) पशु व वनस्पती तेल

8. Specify the hazard associated with : 4 each
   a) Coal Storage
   b) Finishing and cleaning process
   c) Animal and vegetable oils.

(प्रत्येक के 4 अंक)

9. निम्नलिखित प्रचालनों से संबंधित अग्नि खतरों तथा इनमें अपनाए जाने वाले निवारण उपायों का वर्णन कीजिए।
   i) स्प्रे पेन्टिंग प्रचालन
   ii) उष्मा उपचार प्रक्रियाएँ
   iii) किसी भट्टी को बंद किया जाना

9. Narrate the fire hazards relating to the following operations and the preventive measures to be adopted in :- 4 each
   i) Spray Painting Operations
   ii) Heat Treatment Processes
   iii) Shutting down of a furnace.

(प्रत्येक के 4 अंक)

10. निम्नलिखित से संबंधित खतरों का उल्लेख कीजिए (किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए) ।
   i) अपनी उम्र पूरी कर चुके संस्थापन
   ii) बॉयलर भट्टी की कोयला/फ्युअल ऑयल दहन प्रणाली
   iii) घूमते हिस्सों तथा बेयरिंग्ज् में घर्षण पैदा होना
   iv) स्थिर आंतरिक दहन इंजनों का प्रचालन

10. Specify the hazards associated with the following : (answer **any three**) 4 each
   i) Over aged installations.
   ii) Coal/fuel oil firing system of boiler furnace.
   iii) Friction occurring at moving parts and bearings.
   iv) Operation of stationary internal combustion engines.

**---- समाप्त ----**

**------ END ------**

मई, 2009
MAY, 2009

**AG-54**

# एसोशिएटशिप परीक्षा
# अग्नि बीमा अंकन
# ASSOCIATESHIP EXAMINATION
# FIRE INSURANCE UNDERWRITING

समय : 3 घंटे ] [कुल अंक : 100
Time: 3 Hours] [Total Marks : 100

**किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के हैं।**

Answer **EIGHT** questions only. Question **ONE** carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

---

Marks

1. अ) अग्नि बीमा में बीमालेखन के परम उद्देश्य क्या हैं? 4
   ब) अग्नि बीमा के बीमालेखन में शामिल विभिन्न घटकों पर विस्तार से चर्चा कीजिए। 12

1. a) What are the ultimate objectives of underwriting in fire insurance? 4
   b) Discuss fully the various factors involved in fire insurance underwriting. 12

2. अग्नि बीमा में बीमा राशि का विभाजन : 12
   अ) भवन
   ब) मशीनरी तथा सहायक साधन
   स) स्टॉक एवं प्रक्रियागत स्टॉक तथा
   द) फर्नीचर व अन्य वस्तुएं के रूप में निर्धारित करना एक आम प्रचलन है,
   इस व्यवहार के कारणों पर प्रकाश डालिए।

2. It is a common practice in fire insurance to prescribe a breakup of sum insured on 12
   a) Buildings
   b) Machinery and accessories
   c) Stock and stock in process and
   d) Furniture and other contents.

   Give reasons for this practice.

3\. अ) आतंकवाद क्षति पृष्ठांकन की शब्दयोजना लिखिए। (प्रत्येक के 4 अंक)
ब) आतंकवाद संरक्षण के अंतर्गत व्यवकलनीय का उल्लेख कीजिए।
स) हानि सीमोपरि संधि की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

3\. a) Write down the wordings of Terrorism damage endorsement. 4 each
b) Specify deductibles under Terrorism cover.
c) Highlight the features of Stop Loss Treaty.

4\. अग्नि बीमा के अंतर्गत बीमायोग्य सम्पत्ति के कोई 12 उदाहरण दीजिए। 12

4\. Give any 12 examples of Insurable property under Fire Insurance. 12

(प्रत्येक के 6 अंक)
5\. अ) "बीमा हित" की व्याख्या कीजिए। ऐसे व्यक्तियों के उदाहरण दीजिए जिनके बीमाहित हो सकते हैं।
ब) किसी पॉलिसी की सम्पूर्णता को सुनिश्चित करने के लिए पॉलिसी में किस जानकारी को समाहित किया जाना चाहिए?

5\. a) Define "Insurable Interest". Give the examples of persons who can have insurable interest. 6 each
b) Which information is required to be incorporated in a policy to ensure its completeness?

6\. अ) जोखिम निरीक्षण के क्या उद्देश्य होते हैं? (प्रत्येक के 6 अंक)
ब) जोखिम निरीक्षण रिपोर्ट में आमतौर पर सुझाए जाने वाले जोखिम सुधार उपायों के उदाहरण दीजिए।

6\. a) What are the objectives of risk inspection? 6 each
b) Give examples of risk improvement measures usually made in risk inspection report.

7\. अ) मूल्यांकित पॉलिसी की क्या मुख्य विशेषताएं होती है? दो उदाहरण दीजिए। (प्रत्येक के 6 अंक)
ब) दीर्घकालीन पॉलिसी को शासित करने वाली शर्तों का उल्लेख कीजिए।

7\. a) What are the salient features of Valued Policy? Give two examples. 6 each
b) Mention the terms governing the Long Term Policy.

8. औद्योगिक सर्व जोखिम पॉलिसी हेतु जोखिम आकलन रिपोर्ट की विषयवस्तु की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए। 12

8. Give an outline of the contents of a Risk Assessment Report for Industrial All Risk Policy. 12

9. किन्हीं तीन पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : (प्रत्येक के 4 अंक)
   अ) मूल्यांकित पॉलिसियाँ
   ब) सुप्त जोखिम
   स) मानक अग्नि पॉलिसी के अंतर्गत 'आधिक्य' क्लॉज़
   द) आघात क्षति

9. Write short notes on **any three**: 4 each
   a) Valued policies
   b) Silent risk
   c) Excess clause under standard fire policy
   d) Impact damage

10. निम्नलिखित का प्रयोजन क्या है? 12
   अ) किराए की हानि क्लॉज़
   ब) संविदा कीमत क्लॉज़
   स) प्रॉपर्टी की उपाधि क्लॉज़

10. What is the purpose of : 12
   a) Loss of rent clause
   b) Contract Price clause
   c) Designation of property clause?

----- समाप्त -----

------ END ------

मई, 2009
MAY, 2009

**AG-55**

# एसोशिएटशिप परीक्षा
# परिणामी हानि (अग्नि) बीमा
# ASSOCIATESHIP EXAMINATION
# CONSEQUENTIAL LOSS (FIRE) INSURANCE

समय : 3 घंटे ] [कुल अंक : 100
Time: 3 Hours] [Total Marks : 100

**किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के हैं।**

Answer **EIGHT** questions only. Question **ONE** carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

---

Marks

1. निम्नलिखित विवरणों के आधार पर दावे की देय राशि की गणना कीजिए : 16

| | | रू. |
|---|---|---|
| बीमा राशि | - | 10,00,000 |
| निवल लाभ तथा सभी स्थायी प्रभार | - | 12,00,000 |
| वार्षिक टर्नओवर | - | 48,00,000 |
| मानक टर्नओवर | - | 48,00,000 |
| क्षतिपूर्ति अवधि के दौरान टर्नओवर | - | 18,00,000 |
| अतिरिक्त व्यय | - | 1,00,000 |
| बीमित स्थायी प्रभारों में बचत | - | 10,000 |

1. Work out the amount of claim payable given the following particulars : 16

| | Rs. |
|---|---|
| Sum insured | 10,00,000 |
| Net profit & All Standing charges | 12,00,000 |
| Annual turnover | 48,00,000 |
| Standard turnover | 48,00,000 |
| Turnover during Indemnity Period | 18,00,000 |
| Additional Expenditure | 1,00,000 |
| Saving in Insured Standing Charges | 10,000 |

(प्रत्येक के 4 अंक)

2. परिणामी हानि (अग्नि) बीमा पॉलिसी के अंतर्गत बीमा राशि की गणना करने में निम्नलिखित की क्या प्रासंगिकता है :
   क) क्षतिपूर्ति अवधि
   ब) व्यवसाय का प्रचलन, मूल्यांकन तथा विशेष परिस्थितियाँ
   स) प्रीमियम की वापसी क्लॉज़

2. Explain the relevance of the following to arrive at the sum insured under a Consequential Loss (Fire) Insurance Policy:- 4 each
   a) Indemnity Period
   b) Trend of business, variations & special circumstances
   c) Return of Premium Clause

3. क्यूअर वेल हॉस्पिटल ने राजस्व आधार पर रू. 50,00,000 की परिणामी हानि (अग्नि) पॉलिसी ली थी। अस्पताल भवन में आग लगने के कारण उन्हें अस्पताल को पड़ोस के भवन में स्थानांन्तरित करना पड़ा, जिस पर उन्हें रू. 20,00,000 अतिरिक्त खर्च करना पड़ा. व्यवधान की अवधि 12 महीने थी तथा बीमाधारक को 12 महीने की क्षतिपूर्ति अवधि के लिए संरक्षित किया था। व्यवधान की अवधि के दौरान राजस्व की हानि रू. 20,00,000 थी। 12

   इस मामले में देय हानि की राशि की गणना कीजिए।

3. Curewell Hospitals have taken a Consequential Loss (Fire) Policy for Rs 50,00,000 on Revenue basis. The Hospital building was affected by fire and they had to shift the Hospital to a neighboring Building for which they had to incur an extra expenses of Rs 20,00,000. The period of Interruption was 12 months and the Insured have covered the Indemnity period of 12 months. The loss of Revenue was Rs 20,00,000 during the period of Interruption. 12

   Calulate the loss amount payable in this case.

4. परिणामी हानि बीमा में व्यवधान जोखिम के आकलन हेतु विचारणीय घटकों का उल्लेख कीजिए। 12

4. Mention the factors taken into account to evaluate the Interruption Risk in Consequential Loss insurance. 12

5. मजदूरी के बीमा की **चार** विधियों की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए। 12

5. Give an outline of the **four** methods of insurance of wages. 12

(प्रत्येक के 6 अंक)

6. अ) परिणामी हानि पॉलिसी के निम्नलिखित विस्तारों के अंतर्गत बीमा संरक्षण की चर्चा कीजिए।
   i) सप्लायर का परिसर
   ii) ग्राहक का परिसर
   ब) उपरोक्त (i) तथा (ii) के अंतर्गत बीमाकर्ताओं द्वारा क्या प्रतिबंध लगाए जाते हैं।

6. a) Describe the cover under the following extensions of Consequential loss policy 6 each
   i) Suppliers premises
   ii) Customers premises
   b) What restrictions are applied by insurers under i) and ii) above?

7. परिणामी हानि (अग्नि) पॉलिसी के अंतर्गत विनिर्धारित सप्लायर्स परिसर विस्तार के अंतर्गत संरक्षण क्षेत्र की चर्चा कीजिए। 12

7. State the scope of cover under specified suppliers Premises extension under a Consequential Loss (Fire) Policy. 12

8. परिणामी हानि (अग्नि) पॉलिसी के अंतर्गत बिजली सप्लाई स्टेशन विस्तार की शब्द योजना का ड्राफ्ट बनाइए। 12

8. Draft the wording of Electricity supply station extension under a Consequential loss (Fire) Policy. 12

9. किन्हीं तीन पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : (प्रत्येक के 4 अंक)
   अ) जुर्माना तथा दण्ड
   ब) विभागीय क्लॉज़
   स) विनिर्धारण का अंतर आधार
   द) महत्वपूर्ण क्षति प्रावधान

9. Write short notes on any **three** :- 4 each
   a) Fines and Penalties
   b) Departmental clause
   c) "Difference" basis of specification
   d) Material Damage proviso

10. परिणामी हानि पॉलिसी की शर्तों में दिए गये अनुसार 'क्षति' के होने पर बीमाधारक के कर्तव्यों का उल्लेख कीजिए। 12

10. Mention the duties of the Insured on the happening of 'damage' as set out in the conditions of Consequential loss policy. 12

------ समाप्त ------

------ END ------

मई, 2009
MAY, 2009

**AG-56**

# एसोशिएटशिप परीक्षा
## अग्नि बीमा दावे
# ASSOCIATESHIP EXAMINATION
## FIRE INSURANCE CLAIMS

समय : 3 घंटे ] [कुल अंक : 100
Time: 3 Hours] [Total Marks : 100

**किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के हैं।**

Answer **EIGHT** questions only. Question **ONE** carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

---

Marks

1. अ) पॉलिसी की प्रत्येक मद के अंतर्गत दावे की देय राशि क्या होगी? (प्रत्येक के 8 अंक)

| सम्पत्ति | बीमा राशि रू. | हानि के समय मूल्य रू. | हानि रू. |
|---|---|---|---|
| भवन | 5,00,000 | 7,50,000 | 1,50,000 |
| मशीनरी | 2,00,000 | 4,00,000 | 1,00,000 |
| स्टॉक | 4,50,000 | 1,00,000 | 50,000 |
| एफ. एफ. एफ. | 1,50,000 | 50,000 | 10,000 |

ब) सम्पूर्ण हानि के प्रकरण में दो बीमाकर्ताओं के बीच हानि का अनुभाजन किस प्रकार होगा?

| | | रू. |
|---|---|---|
| बीमाकर्ता 'अ' | बीमा राशि | 2,00,000 |
| बीमाकर्ता 'ब' | बीमा राशि | 3,00,000 |
| हानि के समय सम्पत्ति का मूल्य | | 4,00,000 |

1. a) What will be the claim payable under each item of the policy? 8 each

| Property | Sum Insured Rs. | Value at the time of loss Rs. | Loss Rs. |
|---|---|---|---|
| Building | 5,00,000 | 7,50,000 | 1,50,000 |
| Machinery | 2,00,000 | 4,00,000 | 1,00,000 |
| Stock | 4,50,000 | 1,00,000 | 50,000 |
| F.F.F | 1,50,000 | 50,000 | 10,000 |

b) In case of total loss, how the loss will be apportion between 2 insurers.

| | | |
|---|---|---|
| Insurer A | sum insured | Rs.2,00,000 |
| Insurer B | sum insured | Rs.3,00,000 |
| Value of property at the time of loss | | Rs.4,00,000 |

(प्रत्येक के 6 अंक)

2. अ) अग्नि पॉलिसी शर्त 'पुन:स्थापन का विकल्प' की मूख्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

ब) यह शर्त व्यवहार में मुश्किल से ही क्यों प्रयुक्त हो पाती है?

2. a) State the salient features of Fire Policy condition 'Option to Reinstate'. 6 each

b) Why this condition is rarely invoked in practice?

3. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : (प्रत्येक के 4 अंक)

अ) संविदा कीमत क्लॉज़

ब) सम्पत्ति की उपाधि क्लॉज़

स) फेर-बदल, विस्तार, समावेश को बीमित करने में चूक।

3. Write short notes on :- 4 each

a) Contract Price clause

b) Designation of Property Clause.

c) Omission to Insure alterations, extensions, additions.

4. पुन:स्थापन मूल्य पॉलिसी तथा शर्त नं. 9 बीमाकर्ता के विकल्प पर मरम्मत/पुन:स्थापन के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए। 12

4. Differentiate between Reinstatement value policy and condition No.9 Repairs/ reinstatement at the insurer's option. 12

(प्रत्येक के 6 अंक)

5. अ) पन्द्रह शर्तों को तीन वर्गों में वर्गीकृत किया जा सकता है, कृपया वर्गीकरण करें।

ब) शर्तों तथा वारण्टियों में क्या अंतर होता है?

5. a) Fifteen conditions can be classified into three groups. Classify them. 6 each

b) What is the difference between conditions and warranties?

6. अग्नि दावों के अंतर्गत साल्वेज़ के निपटान की प्रक्रिया क्या है? 12

6. What is the Procedure for disposal of Salvage under Fire Claims? 12

7. अग्नि पॉलिसी के अंतर्गत दावे की सूचना मिलने पर बीमाकर्ता को क्या अधिकार उपलब्ध हैं? 12

7. What are the rights available to the Insurers on getting a notice of claim under a Fire Policy? 12

8. एक बार आग लगने पर कौन सी हानियाँ भुगतान योग्य होती हैं? 12

8. Once the fire has occurred what are the losses payable? 12

9. अग्नि हानि सर्वे रिपोर्ट की विषयवस्तु का वर्णन कीजिए। 12

9. Enumerate the contents of fire loss survey report. 12

10. संविदा में व्यक्त पार्टियों के आशय को सुनिश्चित करते समय निर्माण संबंधी नियमों का उल्लेख कीजिए। 12

10. State the Rules on construction while ascertaining intention of the Parties as expressed in the contract. 12

----- समाप्त -----

------ END ------

मई, 2009
MAY, 2009

# AG-57

# एसोशिएटशिप परीक्षा
# अग्नि और परिणामी हानि बीमा
# ASSOCIATESHIP EXAMINATION
# FIRE & CONSEQUENTIAL LOSS INSURANCE

समय : 3 घंटे ] [कुल अंक : 100
Time: 3 Hours] [Total Marks : 100

**किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के हैं।**

Answer **EIGHT** questions only. Question **ONE** carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

---

Marks

1. अ) उत्तम गृहव्यवस्था यानी हाउसकीपिंग के लक्षण क्या हैं? (प्रत्येक के 8 अंक)
   ब) खराब गृहव्यवस्था के संकेत क्या हैं?

1. a) What are the indications of good Housekeeping? 8 each
   b) What are the features of bad Housekeeping?

(प्रत्येक के 6 अंक)

2. अ) औद्योगिक सर्व जोखिम पॉलिसी से किन क्लॉज़ों को संलग्न किया जाना चाहिए?
   ब) लागू व्यवकलनीयों पर चर्चा कीजिए।

2. a) Which clauses are required to be attached to Industrial All Risk Policy? 6 each
   b) Discuss applicable deductibles.

3. परिणामी हानि बीमा के अंतर्गत किस प्रकार की हानियों को संरक्षित नहीं किया जाता है? 12

3. Which types of losses are not covered under consequential loss Insurance? 12

4. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : (प्रत्येक के 6 अंक)
   अ) मजदूरी हेतु बीमे का दोहरा आधार
   ब) वैकल्पिक आधार क्लॉज़

4. Write short notes on following:- 6 each
   a) Dual basis of Insurance for wages
   b) Alternative Basis clause

5. आप (सकल लाभ) अंतर आधार विनिर्धारण के अंतर्गत बीमा राशि की गणना किस प्रकार करेंगे? 12

5. How do you arrive at the sum insured under (Gross Profit) Difference Basis specification? 12

6. औद्योगिक सर्व जोखिम पॉलिसी के अंतर्गत बीमा संरक्षण क्षेत्र का वर्णन कीजिए। 12

6. Describe the scope of the cover under an Industrial All Risks Policy. 12

7. भारतीय अग्नि पुन:बीमा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए। 12

7. Outline the Indian Fire Reinsurance Programme. 12

8. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : (प्रत्येक के 4 अंक)
   अ) बीमाधारक के अपने वाहन के कारण आघात क्षति
   ब) 1% से अधिक मलबे को हटाया जाना
   स) सम्पत्ति की उपाधि क्लॉज़

8. Write short notes on the followings:- 4 each
   a) Impact Damage due to Insured's own vehicles.
   b) Debris removal in excess of 1%
   c) Designation of Property clause

9. निम्नलिखित प्रकरण में दावे की राशि की गणना कीजिए : 12

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | रू. |
| अ) | बीमा राशि | - | 30,00,000 |
| ब) | क्षतिपूर्ति अवधि | - | 12 माह |
| स) | टर्न-ओवर (मानक) | - | 1,00,00,000 |
| द) | व्यवधान अवधि के दौरान टर्नओवर | - | 40,00,000 |
| य) | कार्य की बढ़ी हुई लागत | - | 7,00,000 |
| र) | पूर्व वित्तीय वर्ष के दौरान सकल लाभ | - | 30,00,000 |
| ल) | पूर्व वित्तीय वर्ष के दौरान टर्नओवर | - | 1,20,00,000 |
| व) | वार्षिक टर्नओवर | - | 1,60,00,000 |

9. Work out the claim amount in the following case: 12

| | | | Rs. |
|---|---|---|---|
| a) | Sum insured | - | 30,00,000 |
| b) | Indemnity Period | - | 12 months |
| c) | Turnover (Standard) | - | 1,00,00,000 |
| d) | Turnover during the interruption period | - | 40,00,000 |
| e) | Increased cost of working | - | 7,00,000 |
| f) | Gross Profit during previous Financial year | - | 30,00,000 |
| g) | Turnover during the previous financial year | - | 1,20,00,000 |
| h) | Annual Turnover | - | 1,60,00,000 |

10. अ) अस्थायी व सूचनापेक्षी पॉलिसी जारी करने के प्रावधानों पर चर्चा कीजिए। 12

ब) संविदा कीमत बीमा क्लॉज़ का उल्लेख कीजिए।

10. a) Discuss the provisions for issuance of Floater-cum-Declaration Policy. 12

b) State the contract price insurance clause.

------ समाप्त ------

------ END ------

मई, 2009
MAY, 2009

# AG-61

# एसोशिएटशिप परीक्षा
# कार्गो हानि रोकथाम
# ASSOCIATESHIP EXAMINATION
# CARGO LOSS PREVENTION

समय : 3 घंटे ]
Time: 3 Hours]

[कुल अंक : 100
[Total Marks : 100

किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के हैं।

Answer **EIGHT** questions only. Question **ONE** carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

Marks

1. क) कंटेनरीकृत कारगो से जुड़ी हुई मुख्य समस्याएं क्या हैं? (प्रत्येक के 8 अंक)
   ख) कंटेनरों के अपने गंतव्य पर शीघ्र तथा सुरक्षित रूप से पहुँचने को सुनिश्चित करने के लिये नौभरणकर्ता तथा परेषिती के द्वारा हानि नियंत्रण के कौन से संभावित उपाय किये जा सकते हैं?

1. a) What are the major problems connected with containerised cargo? 8 each
   b) What possible loss control measures could be taken by the shipper and consignee to ensure prompt and safe arrival of containers at destination?

2. निम्नलिखित प्रकार के पैकेजों के लाभ और कमियाँ क्या हैं? (प्रत्येक के 6 अंक)
   क) ड्रम (इस्पात, फाइबर तथा प्लास्टिक)
   ख) थैले (कपड़ा तथा कागज़)

2. What are the advantages and limitations of following types of packages : 6 each
   a) Drums (Steel, fibre and plastic)
   b) Sacks (textile and paper)

(प्रत्येक के 6 अंक)

3. निम्नलिखित स्थितियों में पोर्ट अधिकारी आउट-टर्न को अंतिम रूप कैसे देते हैं :
   क) उतारे गये किंतु खो गये पैकेज़,
   ख) कम उतारे गये पैकेज़ ?

3. How do Port Authorities finalise out-turns in case of : 6 each
   a) landed but missing packages,
   b) Short land packages?

(प्रत्येक के 6 अंक)

4. क) गैस सिलिंडरों का चट्टा लगाने में कौन सी मूलभूत सावधानियाँ बरती जाती हैं?
   ख) "खुले भंडारण क्षेत्रों की अपेक्षा हमेशा ढंके हुए भंडारण क्षेत्रों को तरजीह दी जाती है।" इस कथन पर टिप्पणी करें।

4. a) What are the basic precautions for stacking of gas cylindere ? 6 each
   b) "Covered storage places are always preferable to open storage areas." Comment on this statement.

(प्रत्येक के 6 अंक)

5. निम्नलिखित से होने वाली क्षति को कम करने के लिये कौन से सावधानीपूर्ण उपाय किये जा सकते हैं?
   क) कंटेनरों में कार्गो स्वेद
   ख) कंटेनर स्वेद ?

5. What precautionary measures can be taken to reduce damage by :- 6 each
   a) Cargo Sweat in Containers,
   b) Container Sweat ?

6. भारी तथा/अथवा बहुत बड़े आकार के परेषणों के सुरक्षित परिवहन से जुड़ी समस्याएं तथा उनके हल क्या हैं? 12

6. What are the problems and solutions related to safe transportation of heavy and/or over-dimensional consignments? 12

7. थैलाबंद कार्गो का चट्टा लगाते समय कौन सी सावधानियाँ बरती जानी चाहिये? 12

7. What precautions should be taken when stacking Bagged Cargo? 12

8. रेलमार्ग से भेजे जाने वाले माल को होने वाली हानियों को कम-से-कम करने में परेषिती की भूमिका क्या होती है? 12

8. What is the consignees' role in minimization of losses on goods dispatched by railway? 12

9. निम्नलिखित के कारण बताएँ :- (प्रत्येक के 2 अंक)

क) ऊँचे मूल्य वाली वस्तुओं के लिये गाँठ वाली पैकिंग की अनुशंसा नहीं की जाती है।

ख) भार लेकर आगे बढ़ते समय फ़ॉर्कलिफ्ट का मस्तूल पीछे की ओर झुका हुआ होना चाहिये। साथ ही भारयुक्त फ़ॉर्कों को जितना संभव हो, उतना नीचे रखना चाहिये।

ग) जब फाइबर-बोर्ड की पेटियों (कार्टनों) में विभाजकों का प्रयोग किया जा रहा हो, तब यह वांछनीय है कि उनकी ऊँचाई पेटियों की पूरी ऊंचाई जितनी हो।

घ) भवन की रूपरेखा ऐसी होनी चाहिये कि खड़ी अवस्था में खाली स्थान छोड़ा जा सके।

च) किसी बहु-मंजिली पारगमन शेड में इस बात की सलाह दी जाती है कि आयात वाले माल का भंडारण ऊपर वाली मंजिलों पर किया जाय।

छ) किसी झूले की टांगों के बीच का कोष जैसे-जैसे बढ़ता है, वैसे-वैसे एक ही भार के लिये टांगों में तनाव भी बढ़ता जाता है।

9. Give reasons for the following : 2 each

a) Bale packing is not recommended for highly valued commodities.

b) The mast of a fork lift should be tilted backwards when it is proceeding with a load. Also the loaded forks should be kept as low as possible.

c) When partitions are used in fibre-board boxes (cartons), it is desirable to have them to full height of the box.

d) Layout of a building should establish vertical draught.

e) In a multi-storeyed transit shed it is advisable to store import cargo in upper floors.

f) As the angle between the legs of a sling increases, for the same load the tension in the legs goes on increasing.

10. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :- (प्रत्येक के 6 अंक)

क) आई. यू. एम. आई. की भूमिका

ख) दस्तावेजी धोखाधड़ी।

10. Write short notes on the following : 6 each

a) Role of IUMI

b) Documentary Frauds.

----- समाप्त -----

----- END -----

# AG-62

मई, 2009
MAY, 2009

# एसोशिएटशिप परीक्षा
## वाणिज्यिक भूगोल
# ASSOCIATESHIP EXAMINATION
## COMMERCIAL GEOGRAPHY

समय : 3 घंटे ] [कुल अंक : 100
Time: 3 Hours] [Total Marks : 100

**किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के हैं ।**

Answer **EIGHT** questions only. Question **ONE** carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

Marks

1. "किसी क्षेत्र के व्यापारिक विकास में उसका भूगोल महत्त्वपूर्ण होता है" चर्चा करें । 16

1. "Geography is significant in the commercial development of a region". - Discuss 16

2. "स्वेज़ मार्ग ने अन्तरराष्ट्रीय व्यापार, वाणिज्य तथा राजनैतिक प्रभाव में क्रान्ति ला दी है।" इस कथन का परीक्षण करें। 12

2. "The Suez Route has brought about a revolution in international trade, commerce and political influence." Examine this statement. 12

3. क) एक अच्छे पत्तन की विशेषताएँ क्या होती हैं? (प्रत्येक के 6 अंक)
   ख) "मुक्त पत्तन" तथा "मुक्त व्यापार क्षेत्र" क्या होते हैं?

3. a) What are the attributes of a good port? 6 each
   b) What are "free ports" and "free trade zones"

4. भूकम्पों तथा ज्वालामुखियों के फटने के क्या कारण हैं? वे कौन से स्थान हैं जहाँ इन प्राकृतिक आपदाओं का सबसे ज्यादा खतरा है? 12

4. What are the causes of earthquakes and volcanic eruptions? Which locations are most prone to these natural catastrophes? 12

5. वाणिज्यिक (मर्केंटाइल) व्यवहारों को विनियमित करने वाले **कम से कम पाँच** कानूनों के बारे में बताएँ। 12

5. Briefly state **at least five** important laws which govern mercantile practices. 12

6. महासागरीय धाराएं कैसे बनती हैं तथा आपके अनुसार नौवहन पर किन प्रमुख महासागरीय धाराओं का सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ता है? अपने चुनावों के कारण बताएँ। 12

6. How are ocean currents caused, and which major ocean currents do you consider have the greatest effect on shipping? Give reasons for your choices. 12

7. किसी पोत को चार्टर करने का अर्थ क्या है? निम्नलिखित की विशेषताएँ बताएँ :- (प्रत्येक के 4 अंक)
   क) समुद्री यात्रा चार्टर
   ख) समय चार्टर
   ग) पट्टा चार्टर

7. What does chartering a vessel mean? Describe the attributes of : 4 each
   a) Voyage Charter
   b) Time Charter
   c) Demise Charter.

8. निम्नलिखित पत्तनों की भौगोलिक अवस्थिति, दशा, उपलब्ध सुविधाएँ तथा वहाँ चढ़ाए-उतारे जाने वाले प्रमुख कार्गो क्या हैं : (प्रत्येक के 4 अंक)
   क) कोच्चि
   ख) यंगून
   ग) सिंगापुर

8. State the geographical location, port conditions and facilities and major cargo handled at the following ports : 4 each
   a) Kochi
   b) Yangoon
   c) Singapore

9. बहुमाध्यमी परिवहन क्या है तथा मल्टीमोडल ट्रांसपोर्टेशन ऑफ़ गुड्स एक्ट के मुख्य प्रावधान क्या हैं? 12

9. What is multimodal transport and what are the salient provisions of the Multimodal Transportation of Goods Act? 12

10. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें :- 12

क) लदान पत्र

ख) विनिमय पत्र

ग) कॉन्फ्रेंस प्रणाली

10. Write short notes on the following : 12

a) Bill of Lading

b) Bill of Exchange

c) Conference System

-----समाप्त -----

------ END ------

मई, 2009
MAY, 2009

**AG-63**

# एसोशिएटशिप परीक्षा
# मरीन क्लॉज़ेज
# ASSOCIATESHIP EXAMINATION
# MARINE CLAUSES

समय : 3 घंटे ] [कुल अंक : 100

Time: 3 Hours] [Total Marks : 100

**किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के हैं।**

Answer **EIGHT** questions only. Question **ONE** carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

---

Marks

1. एक मरीन कार्गो पॉलिसी के संदर्भ में इंस्टिट्यूट क्लासिफिकेशन क्लॉज़ 01.08.1997 का उद्देश्य तथा उसकी विषय-वस्तु क्या हैं? 16

1. What is the purpose and content of Institute Classification Clause 1.8.1997 in the context of a Marine Cargo Policy? 16

2. निम्नलिखित आवरणों के अंतर्गत जोखिम की अवधि बताएँ :- (प्रत्येक के 4 अंक)
   क) इंस्टिट्यूट फ्रोज़न फुड क्लॉज़ेज़ (ए) फ्रोज़न मीट को छोड़कर
   ख) इंस्टिट्यूट कोल क्लॉज़ेज़
   ग) इंस्टिट्यूट बल्क ऑयल क्लॉज़ेज़

2. State the duration of risk under following covers : 4 each
   a) Institute Frozen Food Clauses (A) - excluding frozen meat
   b) Institute Coal Clauses
   c) Institute Bulk Oil Clauses.

3. कारण सहित बताएँ कि निम्नलिखित सत्य हैं या असत्य :- (प्रत्येक के 2 अंक)
   क) आई. सी. सी. (बी) शर्तों के तहत आवरित कार्गो समुद्री यात्रा के दौरान डेक पर था। खराब मौसम में वाहक पोत के रॉलिंग तथा पिचिंग गति के कारण कार्गो पोत से गिरकर गुम हो गया। यह आई. सी. सी. (बी) पॉलिसी के तहत आवरित है।
   ख) आई. एफ. व्ही. सी. 20.07.1987 के तहत जारी पॉलिसी के अंतर्गत, जब आवरित क्षतियों के लिये पोत की मरम्मत हो रही है, उस दौरान बीमाकर्ता पोतकर्मियों के वेतन तथा रखरखाव के लिये जिम्मेवार होता है।

ग) समग्र हानि के एक हिस्से के रूप में बीमाधारक के द्वारा अतिरिक्त प्रभारों की वसूली की जा सकती है।

घ) जब इंस्टिट्यूट कंटेनर क्लॉज़ेज़-टाइम 1.1.1987 के तहत आवरित कंटेनर किसी ऐसे पक्ष को बेच या भाड़े पर दे दिया जाता है, जिसका नाम एक सह-बीमा धारक के रूप में नहीं अंकित हो, तब कंटेनर का बीमा स्वत: ही समाप्त हो जाता है।

च) आई. सी. सी. 'ए' के तहत जारी पॉलिसी के अंतर्गत दावा पाने के लिये, एक बीमाधारक को मात्र यह दिखाना होता है की आवरित कार्गोकी हानि या क्षति पॉलिसी अवधि के दौरान हुई थी।

छ) आई. टी. सी. हल्स् 1.10.83 का पॉल्यूशन हज़ार्ड क्लॉज़ बीमित पोत से रिसे तेल से होने वाली प्रदूषण क्षति के लिए बीमाकृत बीमाधारक के नुकसान की भरपाई करता है।

3. State, with reasons, whether the following are **true** or **false** : 2 each

a) A cargo covered under ICC(B) terms was on deck during sea voyage. Due to rolling and pitching of carrying ship in heavy weather, the cargo was lost overboard. This is covered under the ICC(B) policy.

b) Under a Policy issued subject to I.F.V.C. dt. 20.7.1987 an Insurer is liable for cost of wages and maintenance of crew members whilst the vessel is undergoing repairs arising from damages covered.

c) Extra charges are recoverable by Assured as part of a claim for Total Loss.

d) When a container covered under Inst. Container Clauses- Time-1.1.1987 is sold or hired to a party not named as a co-assured, the insurance on the container terminates automatically.

e) To receive claim under a Policy issued subject to ICC 'A', an insured has only to show that the Cargo covered was lost or damaged during currency of the Policy.

f) The Pollution Hazard Clause of ITC Hulls 1.10.1983 indemnifies an Assured for Pollution damages caused following an oil spillage from an insured Vessel.

4. इंस्टिट्यूट वार अ‍ॅण्ड स्ट्राइक्स क्लॉज़ेज़ हल्स टाइम 1.10.1983 के अंतर्गत आवरित जोखिमों तथा अपवर्जनों का उल्लेख करें। 12

4. Write the Perils covered and Exclusions under the Institute War and Strikes Clauses- Hulls Time dt. 1.10.1983. 12

5. इंस्टिट्यूट टाइम क्लॉज़ेज़- हल्स् 1.10.1983 की तीन चौथाई टक्कर देयता धारा की शर्तें बताएँ। वो क़ौन सी देनदारियाँ हैं जिन्हें बीमाकर्ताओं ने इस धारा के विषय-क्षेत्र से खास करके अपवर्जित कर रखा है? 12

5. State the terms of Three-fourths Collision Liability Clause of Institute Time Clauses - Hulls, 1.10.83. What liabilities have underwriters specifically excluded from the scope of this Clause? 12

(प्रत्येक के 6 अंक)

6. क) इन्स्टिट्यूट बल्क ऑयल क्लॉज़ेज़ के एडजेस्टमेंट क्लॉज़ के प्रावधान क्या हैं?
   ख) इंस्टिट्यूट कार्गो क्लॉज़ेज़ (बी) तथा इन क्लॉज़ेज़ के बीच के अन्य अंतरों को रूपांकित करें।

6. a) What are the provisions of the Adjustment Clause in Institute Bulk Oil Clauses. 6 each
   b) Outline the other main differences between these Clauses and Institute Cargo Clauses (B).

7. क) आई. टी. सी. हल्स 1.10.1983 की कटौती-योग्य धारा की शर्तें क्या हैं? (प्रत्येक के 6 अंक)
   ख) 'कटौती-योग्य' धारा के प्रावधानों के अंतर्गत खराब मौसम से हुई क्षति से कैसे निपटा जाना है?

7. a) What are the terms of the "Deductible" Clause of ITC-Hulls 1.10.1983? 6 each
   b) How is heavy weather damage to be treated under the provisions of the Deductible Clause?

8. संक्षेप में व्याख्या करें : (प्रत्येक के 6 अंक)
   क) आई. सी. सी. "ए" के विषय-क्षेत्र को सीमित करने के लिये आम तौर पर ज़्यादा प्रयोग में लायी जाने वाली वारंटियाँ।
   ख) पिकिंग्स् क्लॉज़ के प्रावधान

8. Briefly explain : 6 each
   a) The warranties more commonly used when the intention is to limit the scope under ICC "A"
   b) Provisions of Pickings Clause.

मई, 2009
MAY, 2009

# AG-66

# एसोशिएटशिप परीक्षा
# मरीन बीमा दावे

# ASSOCIATESHIP EXAMINATION
# MARINE INSURANCE CLAIMS

समय : 3 घंटे ] [कुल अंक : 100
Time: 3 Hours] [Total Marks : 100

**किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के हैं।**

Answer **EIGHT** questions only. Question **ONE** carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

---

Marks

1. निम्नलिखित प्रभारों तथा व्ययों के उद्देश्यों तथा कार्यों की व्याख्या करें :- (प्रत्येक के 4 अंक)
   क) सू ॲण्ड लेबर प्रभार
   ख) अग्रसारण व्यय
   ग) अतिरिक्त प्रभार
   घ) साल्वेज प्रभार

1. Explain the purposes and functions of following charges and expenses :- 4 each
   a) Sue and Labour Charges
   b) Forwarding expenses
   c) Extra Charges
   d) Salvage Charges

(प्रत्येक के 4 अंक)

2. क) एक मरीन बीमा पॉलिसी के तहत हानि के संदर्भ में 'प्रमाण का दायित्व' पर टिप्पणी करें।
   ख) बीमाकर्ताओं की देयता पर वारंटी भंग होने का क्या प्रभाव पड़ता है?
   ग) मरीन बीमा अधिनियम 1963 के खण्ड 55(2) में ऐसी हानियों की चर्चा की गई है जो भुगतान योग्य नहीं होती हैं। ये कौन सी हानियाँ हैं?

2. a) Comment on the "onus of proof" of loss under a policy of marine insurance. 4 each
   b) What is the effect of breach of warranty on underwriters' liability?
   c) Section 55(2) of Marine Insurance Act, 1963 enumerates losses which are not payable. What are these losses?

3. कारण सहित बताएँ कि निम्नलिखित कथन सत्य हैं या असत्य : (प्रत्येक के 3 अंक)

क) पारगमन के दौरान गुम हो जाने वाले मालों के लिये रेलवे को सूचना देते समय दावा बिल परेषण के बीजक मूल्य पर आधारित होना चाहिये।

ख) इंस्टिट्यूट स्ट्राइक्स क्लॉज़ेज़ (कार्गो) ऐसी हानि/क्षति को भी आवरित करती हैं, जो बंदरगाह क्षेत्र में हड़ताल तथा दंगे के कारण निष्फल हो गई समुद्री यात्रा से उपजी हो।

ग) बीमित जोखिमों से कार्गो को होने वाली हानि को रोकने अथवा न्यूनतम करने में उठाए गए सू ॲण्ड लेबर प्रभार भुगतान योग्य नहीं होते यदि ऐसे उपाय असफल साबित हो जाय।

घ) बेमरम्मत क्षति के लिये बीमाकर्ता उत्तरदायी नहीं होंगे यदि बाद में पॉलिसी अवधि के दौरान ही पोत की समग्र हानि हो जाय।

3. Giving reasons, state whether the following statements are **true** or **false** : 3 each

a) In serving notice on the Railways for goods missing during transit, the claim bill should be based on invoice value of the consignment.

b) Institute Strikes Clauses (Cargo) cover also any loss/damage to goods resulting from loss of or frustration of voyage due to strikes and riots in the port area.

c) Sue and Labour Charges incurred to prevent or minimise a loss to cargo by insured perils are not payable if such measures prove to be unsuccessful.

d) Underwriters shall not be liable for unrepaired damage in the event of subsequent total loss of the vessel during the policy period.

(प्रत्येक के 6 अंक)

4. क) किसी मध्यवर्ती बंदरगाह पर उतारे गये माल के संदर्भ में कार्गो दावा प्रक्रिया का वर्णन करें।

ख) विदेश में भुगतान किये जाने वाले मरीन दावों के लिये क्या प्रक्रिया है?

4. a) Describe the Cargo claims procedure when goods are landed at an intermediate port. 6 each

b) What is the procedure involved in respect of marine claims payable abroad?

5. 'साल्वेज हानि' क्या है? किन परिस्थितियों में दावों को 'साल्वेज हानि' आधार पर निपटाने की प्रथा है? 12

5. What is "Salvage Loss"? In what circumstances is it customary to settle claims on a "Salvage Loss" basis? 12

6. सामग्रियाँ 'ए' तथा 'बी' इंस्टिट्यूट कार्गो क्लॉज़ेज़ (ए) के तहत बीमित हैं। निम्नलिखित आँकड़ों से बीमाकर्ताओं को देने के लिये एक दावा कथन तैयार करें: 12

- 20 गाठें सामग्री 'ए' की लागत बीमा भाड़ा बीजक मूल्य रू. 30,000
- 10 गांठें सामग्री 'बी' की लागत बीमा भाड़ा बीजक मूल्य रू. 10,000
- रू. 48,000 की कुल बीमित राशि के लिये आई. सी. सी. (ए) के तहत बीमित हैं।

समुद्री जल से होने वाली क्षतियों का विवरण निम्नानुसार है :-

1 गांठ "ए" मूल्यहीन तथा नष्ट

2 गांठे "ए" की विक्रय योग्य बनायी गई तथा दुरूस्त हालत में उनकी सुपुर्दगी दी गई। दुरूस्त करने का खर्च रू. 200

5 गांठे "ए" की क्षतिग्रस्त स्थिति में बेची गईं। दुरूस्त मूल्य रू. 1,600 प्रति गांठ. प्राप्त हुए रू. 1,200 प्रति गांठ की दर से।

विक्रय प्रभार रू. 200. सर्वेक्षण शुल्क रू. 300.

6. Commodities "A" and "B" are insured subject to Institute Cargo Clauses (A) From the following data draw up a statement of claim for submission to underwriters :- 12

20 bales commodity "A" invoice value CIF Rs.30,000
10 bales commodity "B" invoice value CIF Rs.10,000
Insured for Rs.48,000 total sum insured subject to ICC (A)
Particulars of sea water damage are as under :-
1 bale "A" valueless and destroyed.
2 bales "A" made merchantable and delivered sound. Reconditioning expense Rs.200.
5 bales "A" sold in damaged condition. Sound value Rs.1,600 per bale.
Realised Rs.1,200 per bale.
Sale charges Rs.200.
Survey fees Rs.300.

7. जब सामान्य बीमा क्षति की घोषणा की जाती है तब "अंशदायी मूल्यों" का क्या अर्थ होता है? समझाएँ कि पोत कार्गो तथा भाड़े के अंशदायी मूल्यों की गणना किस अधार पर की जाती है? 12

7. When General Average is declared, what is meant by "contributory values"? Explain the basis on which the contributory values of ship, cargo and freight are computed. 12

8. इंस्टिट्यूट टाइम क्लॉज़ेज़-हल्स 1.10.1983 के तहत रू. 8,00,000 यथा मूल्यांकित, के लिए बीमित पोत 'ए' पोत 'बी' से टकरा कर डूब जाता है और उसकी समग्र हानि हो जाती है। टक्कर के फलस्वरूप पोत 'बी' बंदरगाह की संपत्ति को क्षति पहुँचाता है। निम्नलिखित हानियाँ होती है :- 12

| | पोत 'ए' | पोत 'बी' |
|---|---|---|
| | रू. | रू. |
| पोतों को क्षति | 8,00,000 | 1,80,000 |
| विलम्ब शुल्क | - | 20,000 |
| पोतकर्मियों को चोट | 50,000 | 80,000 |
| कार्गो क्षति | - | 40,000 |
| बंदरगाह की संपत्ति को क्षति | - | 3,00,000 |

टक्कर के लिये पोत 'ए' को 70% तथा पोत 'बी' को 30% दोषी ठहराया जाता है। कोई भी पोत अपनी जिम्मेवारी सीमित नहीं करता है। बताएँ कि पोत 'ए' की पॉलिसी के अंतर्गत क्या दावा बनेगा?

8. Vessel 'A' insured for Rs. 8,00,000 so valued, under Institute Time Clauses - Hulls 1.10.1983, sinks and is a total loss after colliding with Vessel 'B'. As a result of the collision, Vessel 'B' damages port installations. Following losses occur : 12

| | Vessel 'A' | Vessel 'B' |
|---|---|---|
| | Rs. | Rs. |
| Damage to the vessels | 8,00,000 | 1,80,000 |
| Demurrage | - | 20,000 |
| Crew injury | 50,000 | 80,000 |
| Cargo damage | - | 40,000 |
| Damage to port installation | - | 3,00,000 |

Vessel 'A' is held 70% to blame and vessel 'B' 30% to blame for the collision. Neither vessel limits liability. State the claim under vessel A's policy.

9. बासमती चावल की 4000 थैलियाँ जिनका कुल सकल भार 2,80,000 कि. ग्रा. था (घड़ा 1 कि. ग्रा. प्रति थैली), रेल द्वारा मुम्बई से दिल्ली भेजी गईं। उन्हें अन्तर्देशीय पारवहन (रेल अथवा सड़क) क्लॉज़ "ए" के तहत रू. 20,00,000 के लिए बीमित किया गया था। 12

- 93 थैलियाँ, जो फटी हुई हालत में (हुकों के प्रयोग के कारण) कम माल के साथ पहुँचीं, उनका वजन हुआ 6,045 कि. ग्रा.
- 10 दुरूस्त थैलियों का सकल भार 700 कि. ग्रा. था।
